रोहतक
रविवार 11 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 248
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम हरियाणा
अधि. 34.7°C
न्यून. 20.5°C



हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



RERA REGISTRATION NO.: HRERA-PKL-JJR-948-2026 Dated: 22.07.2026
Project Name: Bheemeshwari City I Developer Name: Armaan Buildtech Private Limited

दीन दयाल जन आवास योजना

APPROVED RERA APPROVED

दीन दयाल प्लॉट्स झज्जर हरियाणा

UNDER DEEN DAYAL JAN AWAS YOJNA 2016, GOVERNMENT OF HARYANA

हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत फ्री होल्ड आवासीय प्लॉट

General public is hereby informed that affordable plots under deen dayal jan awas yojna is open for registration

सेक्टर–3, बेरी, झज्जर हरियाणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHEEMESHWARI CITY सेक्टर–3, बेरी, झज्जर हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवासीय भूखंड (हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल प्लॉटेड कॉलोनी **DDJAY-2016** के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं। विवरण वेबसाइट **www.deendayalawasplots.org** पर उपलब्ध है।

33% महिलाओं एवं सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित

शुरूआती मूल्य	आवेदन की अंतिम तिथि	आवंटन की तिथि	Limited Plots Available
₹ 49.81 Lakh*	11-10-2026	14-10-2026	

आवेदन करने के लिए भुगतान (100% रिफंडेबल) ₹ 11,000 मात्र

PAYMENT PLAN

Plot Size (Sq. Yd.)	Plot Size (Sq. Mtr.)	Price Per Sq. Yd.	Registration Amount	10% Payment within 5 days	40% Payment within 30 days	50% Payment As Per DLP	Total Cost
131.08	109.60	₹ 38,000	₹ 11,000	₹ 4,98,112	₹ 19,92,446	₹ 24,90,558	₹ 49,81,116
134.25	112.24	₹ 38,000	₹ 11,000	₹ 5,10,131	₹ 20,40,524	₹ 25,50,655	₹ 51,01,310
144.93	121.18	₹ 38,000	₹ 11,000	₹ 5,50,738	₹ 22,02,951	₹ 27,53,689	₹ 55,07,378

*PLC & Govt. Charges Applicable
The Registration Amount is 100% refundable if you are not successful
1 Sq. Mtr. = 1.196 Sq. Yd.



AMENITIES


Wide Internal Roads


24x7 Water Supply


Underground Drainage


Green Parks


Children's play Area


Community Center


Security Gate with CCTV


Power Backup

Loan Approved HDFC BANK

हेल्पलाइन नं. : **+91-8384-070-284**

Register Online: www.deendayalawasplots.org

Scan for Online Registration

खबर संक्षेप

नवरात्र आत्मसंयम और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर



प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि शक्ति उपासना का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए तथा मां भगवती की कृपा से हरियाणा निरंतर प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़े। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, साधना, आत्मसंयम और सकारात्मक ऊर्जा के संचय का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानने, बुराइयों पर अच्छाई की विजय के संकल्प को मजबूत करने और जीवन में सात्विक विचारों एवं सद्कर्मों को अपनाने की प्रेरणा देता है। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना नारी शक्ति के सम्मान, साहस, धैर्य और आत्मविश्वास का संदेश भी देती है।

प्रदेश में अफसरशाही बेलगाम : राव नरेंद्र

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मीडिया कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, बेलगाम अफसरशाही और प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में भ्रष्ट राजनेताओं और बेलगाम अफसरशाही के बीच ऐसा गठजोड़ बन चुका है, जो प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगा हुआ है। प्रदेश में धान खरीद, नगर निगमों और सड़क निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में सामने आ रहे कथित घोटाले सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

साइबर ठगी का आरोपी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

नूंह। साइबर थाना पुलिस ने 1 लाख 93 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश के मुरैना से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित राठौर पुत्र मायाराम राठौर निवासी महावीरपुरा, मुरैना मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। उसे अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल नूंह भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार यह मामला गांव इंदाना, तहसील पुन्हाना निवासी मोहम्मद जावेद के साथ हुई साइबर ठगी से जुड़ा है। पीड़ित ईंट भट्ठा चलाने का काम करता है। उसका कैथोलिक सीरियन बैंक की गुरुग्राम स्थित सेक्टर - 40 शाखा में खाता है। पीड़ित के खाते से 19 अगस्त 2026 को 95 हजार रुपये और 20 अगस्त 2026 को 98 हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन उसकी जानकारी के बिना हुईं। इस तरह उसके खाते से कुल 1 लाख 93 हजार रुपये निकल गए। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' से पात्र लाभार्थियों तक सीधे पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ : नायब सिंह

मुख्यमंत्री सैनी ने लाभार्थियों के हाथों 50 लाख से अधिक खातों में ट्रांसफर करवाए ₹1634 करोड़

लाडो लक्ष्मी योजना की 12वीं किस्त जारी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 1,131 करोड़ रुपये दिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 50 लाख 46 हजार 624 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,634 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित करवाई। इस दौरान चार लाभार्थियों ने बटन दबाकर राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) व्यवस्था से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी है और पात्र लोगों तक बिना बिचौलियों के लाभ पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 12वीं किस्त के तहत 10 लाख 10 हजार महिलाओं के खातों में 212 करोड़ 16 लाख रुपये जारी करवाए। अब तक योजना के तहत 12 किस्तों में 2,466 करोड़ 63 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। योजना के दूसरे चरण में परिवार की वार्षिक आय सीमा एक लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये की गई है। इसके लिए 2 लाख 57 हजार 147 महिलाओं ने पंजीकरण करवाया है, जिन्हें नवंबर में राशि वितरित की जाएगी। वहीं दयालु योजना के तहत 4,222 परिवारों को 158 करोड़ 80 लाख रुपये की आर्थिक सहायता जारी की गई। वहीं, भावांतर भरपाई योजना के तहत आलू और फूलगोभी उत्पादक 3,384 किसानों को 34 करोड़ 79 लाख रुपये दिए गए। इसमें आलू उत्पादक 3,364 किसानों को 34 करोड़ 76 लाख रुपये और फूलगोभी उत्पादक 20 किसानों को 2 लाख 39 हजार रुपये शामिल हैं।

15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के पात्रों को भेजे पैसे

विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 13 हजार 295 लाभार्थियों के खातों में 1,131 करोड़ 7 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता और दिव्यांग भत्ता सहित अन्य पेंशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के आधार पर पात्रता निर्धारित कर लाभार्थियों को बिना कार्यालयों के चक्कर लगाए पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत गैस सिलेंडर की सब्सिडी के रूप में पांच लाख 14 हजार महिलाओं के खातों में अगस्त माह के 20 करोड़ 39 लाख रुपये जारी किए गए। योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब तक 14 लाख 65 हजार महिलाओं को कुल 380 करोड़ 21 लाख रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है।

77 करोड़ से होगी चौपालों की मरम्मत व नवीनीकरण

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की चौपालों की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए 21 जिलों में 1,723 कार्यों के वास्ते 77 करोड़ 6 लाख रुपये भी जारी किए। इससे पहले 2,930 कार्यों के लिए 118 करोड़ 47 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। इस प्रकार कुल 4,653 कार्यों के लिए 195 करोड़ 53 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं।

राशन डिपो और पुस्तकालयों के लिए सरकार की नई पहल

ममुख्यमंत्री ने 2,651 नए राशन डिपो के आवंटन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल शुरू किया। इनमें 33 प्रतिशत डिपो महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। इसके साथ ही गांवों के अटल पुस्तकालयों के लिए पुस्तक सेतु पोर्टल का शुभारंभ किया। प्रदेश में अब तक 996 अटल पुस्तकालय खोले जा चुके हैं। सरकार जल्द ही 650 और पुस्तकालय खोलेगी, जिनमें से 500 को 25 दिसंबर 2026 तक स्थापित करने का लक्ष्य है। पोर्टल के माध्यम से लोग अपने गांव के पुस्तकालय में निशुल्क पुस्तकें दान कर सकेंगे। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 278 मंडियों में 29 सितंबर से धान की खरीद जारी है। नौ अक्टूबर तक मंडियों में 14.25 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें से 8.35 लाख मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। अब तक 19,155 किसानों को 398 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

पीएम मोदी की विजनरी सोच और कल्याणकारी नीतियों की बदौलत हरियाणा नंबर वन : सीएम

मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के मुखिया के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश में पहले नीचे से नम्बर वन होता था, प्रधानमंत्री की विजनरी सोच और कल्याणकारी नीतियों की बदौलत अब ऊपर से नम्बर एक पर है। प्रधानमंत्री की संकल्प यात्रा के दौरान हर व्यक्ति को लाभ, गरीब व्यक्ति को सशक्त बनाना और सरल एवं सुगम जीवन को लेकर विस्तार से अवगत करवाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल राज किया और मोदी ने 12 साल में विकसित भारत का विजन तैयार किया। उनके नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है।

शिकायत पर दस दिन में करनी होगी सड़क की मरम्मत

चंडीगढ़। हरियाणा में सड़कों की मरम्मत से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए 10 दिन की समय-सीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि म्हारी सड़क एप पर आने वाली शिकायतों पर 10 दिन के भीतर कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतें लंबित न रहें और संबंधित अधिकारी समय पर काम पूरा करवाएं। मुख्यमंत्री सचिवालय में म्हारी सड़क एप और विभिन्न विभागों के अधीन सड़कों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में टाइलों के बजाय आरसीसी या तारकोल का इस्तेमाल किया जाए। पंचायत विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) सहित सभी विभागों की सड़कें पीडब्ल्यूडी के तय गुणवत्ता मानकों के अनुसार बनाई जाएं। यदि किसी अधिकारी की निगरानी में बनी सड़क समय से पहले खराब होती है और जांच में लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी के प्रदर्शन को उसकी एसीआर से जोड़ा जाएगा।

एचसीएस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को कैप्टन अभिमन्यु ने दी बधाई

चंडीगढ़ । भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) परीक्षा-2025 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सफल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का परिणाम है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करना गौरव की बात है। यह उपलब्धि न केवल अभ्यर्थियों और उनके परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए भी खुशी का अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परीक्षा में सफल युवा अपनी योग्यता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से जनसेवा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। उनकी सफलता प्रदेश की प्रगति, सुशासन और जनकल्याण को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने परीक्षा में सफल नहीं हो पाए युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि नए प्रयास की शुरुआत है। युवाओं को निराश होने के बजाय अपनी कमियों को पहचानकर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाले युवाओं को भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।



■ युवा अपनी योग्यता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से जनसेवा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित करेंगे

मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल का पुलिसकर्मी के हक में फैसला

सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल की गई थी जान मां को मिलेगा 57 लाख रुपये मुआवजा

चंडीगढ़। ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हरियाणा पुलिस के कॉन्स्टेबल संदीप की मां को चंडीगढ़ स्थित मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने 57.03 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने का फैसला सुनाया है। पांच साल पहले कॉन्स्टेबल संदीप को ड्यूटी के वक्त एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी थी। उसकी मौत के बाद मां ने चंडीगढ़ स्थित ट्रिब्यूनल में मुआवजे के लिए याचिका दायर की थी। अपने फैसले में ट्रिब्यूनल ने यह भी स्पष्ट किया है कि संदीप की मां को मिलने वाली फैमिली पेंशन की राशि मुआवजे से नहीं काटी जाएगी। इस रकम पर 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। ट्रिब्यूनल ने चालक, वाहन मालिक और बीमा कंपनी को संयुक्त रूप से मुआवजा चुकाने के लिए उत्तरदायी ठहराया है। केस के अनुसार, एक जून 2021 को शहजादपुर-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौली स्थित एमआईयू भट्ठे के पास कॉन्स्टेबल संदीप वाहन चेकिंग ड्यूटी पर तैनात था। वह सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के दस्तावेज की जांच कर रहा था।इसी दौरान शहजादपुर की तरफ से आई महिंद्रा बोलेरो पिकअप ने पहले खड़े ट्रक को टक्कर मारी और फिर संदीप को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। हादसे में उसके साथ मौजूद हेड कॉन्स्टेबल जसविंदर सिंह भी घायल हुआ था।



■ ड्यूटी के दौरान गई थी जान, परिवार ने मांगा था एक करोड़ का मुआवजा

हाईकोर्ट का फैसला : शिक्षिका को ट्रांसफर में मिलेगा सीआईएसएफ में पति की तैनाती का लाभ

चंडीगढ़। हरियाणा में शिक्षक तबादला नीति के तहत विशेष मेरिट अंकों का लाभ नहीं मिलने पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुग्राम की एक शिक्षिका को अंतरिम राहत दी है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि संबंधित अभिलेखों की जांच और पात्रता की पुष्टि के अधीन याचिकाकर्ता को अस्थायी रूप से 10 मेरिट अंक प्रदान किए जाएं।शिक्षिका गुरुग्राम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गणित की नियमित स्नातकोत्तर शिक्षिका हैं। उनके पति केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया कि हरियाणा की शिक्षक तबादला नीति 2026 में सैन्य और अर्धसैनिक बलों में कार्यरत पति या पत्नी वाले शिक्षकों को 10 विशेष मेरिट अंक देने का प्रविधान है। हालांकि, दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 11 से 17 अगस्त 2026 तक उपलब्ध कराए गए प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआइएस) पोर्टल पर याचिकाकर्ता आवश्यक सेवा प्रमाणपत्र अपलोड नहीं कर सकीं।

दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने कॉर्पोरेट घरानों, परोपकारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं सहित आम नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आगे आएं और मानवीय सेवा से जुड़े प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। राज्यपाल शनिवार को लोक भवन, हरियाणा में 'एक्ट ह्यूमेन' संस्था द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग वितरण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। उन्होंने शिविर के दौरान 16 जरूरतमंद लाभार्थियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए।

■ राज्यपाल ने 16 लाभार्थियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरित किए



रघु यादव बने इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करके संगठन में राष्ट्रीय और राज्य कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। रेवाड़ी से पूर्व विधायक रहे रघु यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण स्थान देते हुए राष्ट्रीय प्रधान महासचिव बनाया है। एडवोकेट गहल सिंह संधू और राजबीर उर्फ बिल्लू चंदाना को राज्य कार्यकारिणी में सदस्य बनाया है। वर्तमान में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी को युवा प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है और उनके स्थान पर भूपेंद्र नफे सिंह राठी को युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

70% किसानों को धान खरीद का इंतजार : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि मंडियों में धान की खरीद नहीं हो रही है। आवक 12 लाख मीट्रिक टन हो चुकी है, लेकिन सरकार ने अब तक मात्र 30 प्रतिशत ही खरीदा है। यानी 70 प्रतिशत किसान अभी भी सरकारी खरीद का इंतजार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जो धान खरीदा भी गया है, उसका भी मात्र 17 प्रतिशत ही उठान हुआ है। मंडियों में अब नई फसल रखने की जगह तक नहीं बची है। सरकार धान नहीं खरीदना चाहती, इसलिए किसानों को कई झमेलों में उलझाए रखा गया है, पहले पोर्टल, फिर वेरिफिकेशन और उसके बाद गेटपास व कैपिंग और लिमिट। हालत यह है कि सिर्फ धान के वेरिफिकेशन में साढ़े चार लाख एकड़ का गैप पाया गया है। करीब 3 लाख एकड़ मोटे धान का सत्यापन, जबकि बासमती के 80,000 एकड़, कपास का 1.71 लाख एकड़, बाजरे का 3.49 लाख एकड़ और गन्ने का 31,000 एकड़ का सत्यापन अभी भी पेंडिंग पड़ा है।

■ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया



संत ताराचंद जी ने जीवनभर परमार्थ, सेवा और सादगी का मार्ग अपनाया : कंवर साहेब

गुरु और परमात्मा में कोई अंतर नहीं, संतों के प्रकट होने से अज्ञान का अंधकार होता है दूर : परम संत

परमसंत ताराचंद महाराज के 102वें अवतरण दिवस पर सत्संग फरमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



राधा स्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने कहा कि तरुवर, सरोवर, संत और मेघ स्वयं के लिए नहीं, बल्कि परमार्थ के लिए जीवन धारण करते हैं। परमार्थ के इसी संकल्प को सिद्ध करने के लिए परमसंत ताराचंद जी महाराज ने इस धरती पर अवतार लिया था। वे मरुस्थलीय परिवेश में भक्ति का बाग खिलाने आए थे। संतों और परमात्मा में कोई अंतर नहीं होता। संतों के प्रकट होने से अज्ञान का अंधकार दूर होता है और जीव को सही मार्ग मिलता है। वे शनिवार को परमसंत ताराचंद जी महाराज के 102वें अवतरण दिवस पर उमड़ी संगत को सत्संग वचन फरमा रहे थे। अपने गुरु को स्मरण करते हुए हुजूर कंवर साहेब जी ने कहा कि वह भूमि पवित्र होती है, जहां संतों का अवतरण होता है। संत किसी बनाए हुए रास्ते पर नहीं चलते, बल्कि अपना मार्ग स्वयं बनाते हैं। परमसंत ताराचंद जी महाराज भी समाज को भक्ति, सेवा और परमार्थ का मार्ग दिखाने आए थे। वे पाखंड से दूर रहते थे। भले ही वे स्वयं को अनपढ़ कहते थे, लेकिन वास्तव में वे परा विद्या के धनी थे। उन्होंने लाखों भूखे लोगों का पेट भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि जीवन में पहले योग्य बनो, फिर इच्छा करो, क्योंकि योग्यता के बिना कुछ हासिल नहीं होता। संतों की गति गुप्त होती है और उन्हें समझने के लिए भी पात्रता जरूरी है। जैसे सूर्य के उदय होने पर अंधकार टिक नहीं सकता, वैसे ही संतों के प्रकट होने से अज्ञान दूर हो जाता है। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि परमसंत ताराचंद जी महाराज अपने सिद्धांतों के पक्के थे। उन्होंने जीवन के अंतिम समय तक मेहनत करके कमाया और खाया। अपने जीवन में अनेक वृक्ष लगाए तथा अपनी पीठ पर पानी ढोकर उन्हें सींचा। वे पहले अपना निवाला दूसरों को खिलाते थे। उन्होंने कभी अधर्मी का अन्न नहीं खाया और जीवनभर नाम कमाई खाई।

मुक्ति की चार अवस्थाओं का बताया महत्व

हुजूर कंवर साहेब ने मुक्ति की चार अवस्थाओं का वर्णन करते हुए बताया कि सालोक्य मुक्ति में भक्त को मृत्यु के बाद भगवान के लोक में स्थान मिलता है। सामीप्य मुक्ति में सतगुरु का निकट सान्निध्य प्राप्त होता है। सारूप्य मुक्ति में गुरु के समान दिव्यता प्राप्त होती है, जबकि सायुज्य मुक्ति में शिष्य अपनी व्यक्तिगत पहचान को छोड़कर गुरु के स्वरूप या तेज में विलीन हो जाता है। उन्होंने कहा कि इंसान में विभिन्न योनियों के गुण मौजूद होते हैं, लेकिन उसकी शिक्षा और संगति तय करती है कि कौन-सा गुण प्रधान होगा। सांसारिक व्यक्ति दुनियादारी की वस्तुओं को चाहता है, जबकि प्रभु का सच्चा प्रेमी परमात्मा को पाने की इच्छा रखता है। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि परमात्मा प्रत्येक जीव के रोम-रोम में विद्यमान है, लेकिन मनुष्य उसे याद करने के बजाय विषय-विकारों और नशों में उलझा रहता है। परमात्मा से प्रेम करने वाले व्यक्ति को माता-पिता की सेवा, बुजुर्गों का सम्मान और बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए।

पुराने वीडियो को फर्जी लाइव स्टिंग बताने के आरोप में न्यूज चैनल के पांच पदाधिकारी गिरफ्तार

■ वीडियो की सच्चाई उजागर न करने के नाम पर ब्लैकमेलिंग का भी आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मामला

कुरुक्षेत्र। पुलिस ने छह महीने पुरानी वीडियो को फर्जी लाइव स्टिंग ऑपरेशन के रूप में प्रसारित करने और वीडियो की सच्चाई उजागर न करने के नाम पर ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में लिविंग इंडिया न्यूज चैनल के पांच पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वीडियो 16 अप्रैल 2026 को बनाई गई थी, जिसे कथित तौर पर लाइव स्टिंग ऑपरेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर थानेसर में आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसकी निजी वीडियो को गलत तरीके से लाइव स्टिंग ऑपरेशन के रूप में प्रसारित किया गया। इसके बाद वीडियो की सच्चाई उजागर न करने के नाम पर ब्लैकमेलिंग की गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। कार्रवाई करते हुए चैनल के एमडी अतुल अग्रवाल, एडिटर सौरभ, एंकर सुदेश नैन, पत्रकार नीतू और लवप्रीत को गिरफ्तार किया गया है।

मूल वीडियो और तकनीकी साक्ष्यों की जांच चल रही

पुलिस के अनुसार, मामले की जांच में मूल वीडियो, उसे रिकॉर्ड किए जाने की तारीख और वीडियो बनाने वाले व्यक्तियों से संबंधित जानकारी सहित तकनीकी साक्ष्यों को आधार बनाया जा रहा है। पुलिस वीडियो के निर्माण, उसके प्रसारण और इसमें शामिल व्यक्तियों की भूमिका की पड़ताल कर रही है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वीडियो को कथित तौर पर गलत तरीके से प्रस्तुत करने के पीछे क्या कारण थे।



रोहतक

रविवार 11 अक्टूबर 2026

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 248
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 34.7°C
न्यून. 20.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

पुलिस की जबरदस्त सख्ती, 7000 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया

जंतर-मंतर से पहले ही रोके 'कॉकरोच'

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की सख्ती की वजह से कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारी शनिवार को जंतर-मंतर तक नहीं पहुंच पाए। पुलिस ने सीजेपी की लीडरशिप अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को सुबह ही एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने जंतर-मंतर की तरफ बढ़ रहे बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी हिरासत में लिया। पार्टी ने सुबह 10 बजे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था। समर्थकों ने यहां पहुंचने की कोशिश भी की, लेकिन कई जगह 3 से 5 लेयर की बैरिकडिंग की वजह से आगे नहीं बढ़ने दिया। करीब 7000 लोगों को हिरासत में लिया गया। 38 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी दिल्ली में तैनात रहे। सीजेपी ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों और एसआईआर के विरोध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया था।

सुबह से रात तक यूं चला ड्रामा

5:00
- बजे सुबह जंतर-मंतर पर भारी पुलिस बल तैनात किया

7:00
- बजे सुबह दीपके दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होने के लिए मुंबई से रवाना हुए

7:45
- बजे पुलिस ने लोगों को हिरासत में लेना शुरू किया

9:30
- यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम से उनके आवास पर हिरासत में लिया

10:50
- बजे सुबह दिल्ली पहुंचने के बाद विमान के अंदर ही तीनों सीजेपी नेताओं को हिरासत में लिया गया

11:30
- जंतर-मंतर जा रहे 60000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी रोके

2:00
- जंतर-मंतर जा रही ममता बनर्जी और दो पूर्व सीएम को भी हिरासत में लिया

3:00
- केजरीवाल को घर के बाहर ही हिरासत में लिया कई लेफ्ट नेताओं को भी दिल्ली पुलिस ने पकड़ा



प्रदर्शन रोकने में यूं मिली कामयाबी

- सीएपीएफ की 221 कंपनियां और 23000 जवान किए गए थे तैनात
- दिल्ली पुलिस के कम से कम 15000 कर्मियों को तैनात किया
- दिल्ली आने वाली 250 ट्रेनें रद्द की, बसों की बुकिंग की जांच की गई
- सभी यूनिवर्सिटी से संपर्क कर छात्रों को जंतर मंतर आने से रोकने के अपील
- 45 मेट्रो स्टेशन बंद कर बैरिकेडिंग की बॉर्डर पर सख्ती की गई



आज फिर जंतर-मंतर कूच

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अजिंक्य शिंदे ने ऐलान किया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन उनका इस्तीफा न होने तक जारी रहेगा। सीजेपी नेता अजिंक्य शिंदे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रविवार को सीजेपी के कार्यकर्ता और प्रदर्शनकारी एक बार फिर से जंतर-मंतर की ओर कूच करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट रविवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मेट्रो-ट्रेन सेवाओं पर पूरी रोक के आदेश की कथित अनदेखी को लेकर अधिकारियों पर अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का पालन नहीं किया, जिसमें सार्वजनिक परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के बजाय उसके संचालन को नियंत्रित करने का निर्देश दिया गया था।

प्रदर्शनकारी नहीं छोड़े तो अनशन : वांगचुक



सोनम वांगचुक ने कहा कि मैंने नहीं सोचा था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जाएगी। अगर आज शाम तक सभी प्रदर्शनकारियों को नहीं छोड़ा गया तो मैं फिर से प्रदर्शन करूंगा। वह भूख हड़ताल या धरना हो सकता है। लेकिन मुझे लगता है सरकार पहले ही हमारी बात मान लेगी।

प्रदेश में अलर्ट, प्रदर्शनकारियों की धरपकड़, नेताओं को डिटेन किया

चंडीगढ़। सीजेपी के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को देखते हुए हरियाणा में भी नेताओं की धरपकड़ की गई। शनिवार सुबह करीब 8 बजे दिल्ली पुलिस ने रोहतक निवासी यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित उनके घर (केंद्रीय विहार कॉलोनी) से हिरासत में ले लिया। रोहतक के कबूलपुर गांव में जिला पार्षद जयदेव को हिरासत में लेने पहुंचे एसएचओ को ही ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। महिलाएं पुलिसवालों को घेरकर खड़ी हो गईं। यहां पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इसके अलावा, सिरसा के कालांवाली से कांग्रेस विधायक शीशपाल कहरवाला और भिवानी से जेजेपी के युवा जिलाध्यक्ष सहित कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया है। वहीं, गुरुग्राम, झज्जर, सोनीपत से लगते दिल्ली बॉर्डर पर भी पुलिस का कड़ा पहरा रहा। बॉर्डर्स पर बैरिकेडिंग रही। हालांकि गुरुग्राम में नेशनल हाईवे- 48 पर दोपहर बाद पुलिस ने बैरिकेड हटा दी। करनाल से दिल्ली जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रास्ते में डिटेन कर लिया।

(पैकेज पढ़ें पेज -2 पर)

124 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स बोले-चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा रखे जनता

नई दिल्ली। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल समेत 124 पूर्व नौकरशाहों ने भारत की चुनावी प्रक्रिया के समर्थन में देश की जनता के नाम लेटर लिखा है। पूर्व राजदूतों और रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों ने लिखा, "हम यह पत्र इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि आजकल हमारे चुनावों के लिए बिना किसी सबूत के 'धांधली' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस शब्द को बार-बार दोहराने से लोकतंत्र में लोगों का वह भरोसा कमजोर होता है। यह पत्र ऐसे समय आया है, जब चुनाव आयोग और मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है। विपक्ष के साथ कॉकरोच जनता पार्टी ने प्रदर्शन कर रही है।

> चुनावों के लिए बिना किसी सबूत के 'धांधली' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा

कैबिनेट बैठक में कई फैसलों पर मुहर

पूर्व अग्निवीरों को ग्रुप-सी में नहीं देनी होगी लिखित परीक्षा

लाडो लक्ष्मी योजना की वार्षिक आय सीमा 1.80 लाख की, मीडिया कर्मियों को 5 लाख तक आर्थिक सहायता

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट की मीटिंग हुई। नायब सैनी ने बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र परिवारों की वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, मीडिया कर्मियों को अधिकतम 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने और पूर्व अग्निवीरों को ग्रुप-सी पदों की सीधी भर्ती में लिखित परीक्षा से छूट देने सहित कई फैसलों को मंजूरी दी। सरकारी विभागों में सेवा के लिए पूर्व-अग्निवीरों के प्रशिक्षण, अनुशासन और कौशल को मान्यता देते हुए उनके पुनर्वास और लाभपरक रोजगार को सुगम बनाने के लिए राज्य की अग्निवीर नीति में संशोधनों को मंजूरी दी गई। अब पूर्व अग्निवीरों को नौकरी के लिए कोई लिखित परीक्षा और साक्षात्कार नहीं देना होगा।



सीधी नौकरी मिलेगी

स्वीकृत संशोधनों के तहत, पूर्व-अग्निवीरों को इस नीति के अंतर्गत आने वाले ग्रुप-सी पदों पर सीधी भर्ती के लिए निर्धारित सभी प्रकार की परीक्षाओं से छूट दी जाएगी। कैबिनेट ने पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग में वाइल्डलाइफ गार्ड, इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) में कांस्टेबल, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) में कांस्टेबल तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में फायर ऑपरेटर-कम-ड्राइवर के पदों के लिए आवेदन करने वाले पूर्व-अग्निवीरों को शारीरिक जांच परीक्षा (पीएसटी) और शारीरिक माप परीक्षा (पीएमटी) से भी (यथा लागू) छूट की मंजूरी दी।

लाडो लक्ष्मी योजना

दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत परिवार की सालाना आय की पात्रता सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, तीन विशेष श्रेणियों के लिए आय सीमा बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी गई है। इन श्रेणियों में वे माताएं शामिल हैं, जिनके बच्चों ने 10वीं या 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 80% या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हों।

स्थानीय निकायों को राज्य के कर राजस्व का 7% हिस्सा मिलेगा

मंत्रिमंडल ने छठे राज्य वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार स्थानीय निकायों को पैसा देना जारी रखने की मंजूरी दी। राज्य के अपने कर राजस्व का 7% हिस्सा स्थानीय निकायों को दिया जाएगा। इसमें से 55% राशि पंचायती राज संस्थाओं और 45% शहरी स्थानीय निकायों को मिलेगी।

मीडिया कर्मियों को मिलने वाली वित्तीय सहायता बढ़ाई

मंत्रिमंडल ने हरियाणा मीडिया कर्मी कल्याण कोष प्रशासन योजना के तहत पात्र मीडिया कर्मियों को दी जाने वाली अधिकतम वित्तीय सहायता राशि बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की मंजूरी दी।

खबर संक्षेप

मिड-डे मील में मिली छिपकली, 15 बच्चे बीमार

भागलपुर। बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में एक सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के खाने में छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। घटना कटहरा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर पनसल्ला की है। खाना खाने के बाद करीब 15 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया है। *एजेंसी*



टीएमसी विधायक बिभास पर हमला, कार के शीशे तोड़े

कोलकाता। बंगाल के बारुईपुर ईस्ट से टीएमसी विधायक बिभास सरदार की गाड़ी पर शनिवार को हमला किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। सरदार ने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। सरदार के मुताबिक, पहले उनकी कार का शीशा ईंट मारकर तोड़ा गया। इसके बाद गोलबेरिया हाट में हुए दूसरे हमले में उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में उनकी आंख में चोट आई है। बंगाल में 4 मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। *एजेंसी*

भारतीय मूल के युवक को 20 साल की जेल

पेरिस। फ्रांस की राजधानी पेरिस की एक अदालत ने 29 वर्षीय भारतीय रोहन राणे को 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। उस पर कम उम्र की लड़कियों को यौन गतिविधियों के लिए मजबूर करने वाले पुरुष समर्थक समूह का नेतृत्व करने का आरोप था। आरोपी का मुकदमा सोमवार को अदालत में शुरू हुआ था। *एजेंसी*



एंटी हाइजैकिंग एक्ट में एफआईआर दर्ज

कैप्टन स्मित पर हमले की अब एनआईए करेगी जांच

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी (एनआईए) ने फ्लाईदुबई फ्लाइट में पायलट पर हुए हमले को लेकर एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर एंटी-हाइजैकिंग एक्ट, 2016 की धारा 3 और यूएपीए की धाराओं के तहत दर्ज हुई है। इन धाराओं के जरिए संभावित लोन-वुल्फ आतंकी मंशा, साजिश और कट्टरपंथी नेटवर्क की जांच होगी। एनआईए हमले के पीछे बड़ी साजिश की जांच करेगी। इस फ्लाइट के दौरान भारतीय कैप्टन स्मित मच्छर पर हमला हुआ था। दुबई से तेल अवीव जा रहे विमान में ओमानी पायलट ने कैप्टन पर अटैक किया और विमान को गिराने की कोशिश की। जांच में यह भी देखा जाएगा कि क्या हमले का संबंध भारत पर संभावित हमले से था। एजेंसी यह भी पता लगाएगी कि पूरी साजिश कैसे तैयार की गई। एनआईए यह पता लगाना चाहती है कि हमले के पीछे कोई बड़ी साजिश थी या नहीं। क्या इसमें दूसरे लोग भी शामिल थे।



भारतीय पायलट पर हुए हमले की साजिश खंगालेगी एजेंसी

- आतंकी मंशा, साजिश और कट्टरपंथी नेटवर्क की जांच होगी

एनआईए जांच क्यों?

अपराध भारत के बाहर हुआ हो, तब भी कुछ परिस्थितियों में एनआईए उसकी जांच कर सकती है। इसका प्रमुख आधार राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 की धारा 1 (2) है। 2019 के संशोधन के बाद यह कानून भारत के बाहर हुए ऐसे अनुसूचित अपराधों पर भी लागू हो सकता है, जो भारतीय नागरिकों के खिलाफ किए गए हों या भारत के हितों को प्रभावित करते हों। एनआईए हर तरह के अपराध की जांच अपने-आप नहीं ले सकती। अपराध का एनआईए कानून की अनुसूची में शामिल होना जरूरी है।

नीले ड्रम में रखे थे छिपाकर

बारामूला के जंगल में मिले हथियार और गोला-बारूद

बारामूला (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के जंगल से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोपोर पुलिस से मिले खुफिया इनपुट के आधार पर उत्तरी कश्मीर के सोपोर इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान मुकाम चेहरहार के जंगल में चलाया गया। तलाशी के दौरान बड़े पत्थर के नीचे छिपा नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला। संदिग्ध विस्फोटक की जांच और नष्ट करने के लिए बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। बरामद हथियारों में एके-47, एके-76, चार पिस्तौल, मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर, 11 हैंड ग्रेनेड और तीन आईईडी शामिल हैं।

> खुफिया इनपुट के आधार पर चला तलाशी अभियान

दिल्ली दंगा मामला

ताहिर हुसैन दंगे करने के लिए उकसाने का दोषी करार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े दयालपुर इलाके के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को दंगा भड़काने के लिए उकसाने का शनिवार को दोषी ठहराया, जबकि 12 अन्य आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने हुसैन को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगा करने के लिए सजा) के साथ धारा 109 (उकसाना) के तहत दोषी ठहराया। हालांकि, अदालत ने उसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने हुसैन की सजा पर दलीलें सुनने के लिए मामले की सुनवाई 16 नवंबर को तय की है। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

> 12 अन्य आरोपियों को अदालत ने बरी किया

पुलिस स्टेशन और घर जलाए

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 5 लोगों की मौत

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के कामजोंग और उखरुल में शनिवार को हथियारबंद गुटों के बीच हुई झड़पों में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हालांकि पूर्व सीएम बीरेन सिंह का दावा है कि 7 लोग मारे गए हैं, वहीं एक पुलिस स्टेशन जला दिया गया है। नगा-बहुल कामजोंग के कुकी-बहुल चसाड गांव में 22 साल के एक युवक और 42 साल की एक महिला की मौत हो गई। महिला को गोली मारी गई थी। उसकी हत्या के बाद शुक्रवार रात से कुकी और नगा हथियारबंद गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई, जो शनिवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान 10 घरों में आग भी लगा दी गई। फरवरी में मणिपुर में दोबारा शुरू हुई हिंसा की घटनाओं से लेकर अब तक करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है।

> इस साल हुई घटनाओं में 40 से ज्यादा मौतें

अमेरिका में फायरिंग, बच्चों समेत 9 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में हुई फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई। 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। शाम करीब 5 बजे पुलिस को एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर गोलीबारी की सूचना मिली। चश्मदीदों ने बताया कि एक व्यक्ति ने घर के बाहर गोलियां चलाईं और फिर अंदर चला गया। मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क पर दो महिलाओं के शव मिले। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से एक महिला गर्भवती थी। इसके बाद पुलिस और खास कमांडो टीम ने घर को घेर लिया। इसी दौरान घर के अंदर से और गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दीं। बाद में जब पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई, तो वहां सात और लोगों के शव मिले।



> आरोपी ने खुद को भी गोली से उड़ाया इस साल मास शूटिंग में 320 से ज्यादा मौतें

समुद्री निगरानी व सुरक्षा क्षमता होगी मजबूत

अत्याधुनिक गश्ती पोत 'श्रेयस' लॉन्च समुद्री लूट और घुसपैठ करेगा नाकाम



कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय नौसेना की समुद्री निगरानी और सुरक्षा क्षमता को मजबूती देने की दिशा में कोलकाता स्थित गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने शनिवार को अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत 'श्रेयस' का जलावतरण किया। यह भारतीय नौसेना के लिए जीआरएसई द्वारा निर्मित चार पोतों की शृंखला का तीसरा युद्धपोत है। रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जीआरएसई ने रिकार्ड पांच महीने से भी कम समय में इस शृंखला के तीन पोतों का जलावतरण कर परियोजना में तेजी दिखाई है। भारतीय नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी पत्नी रेयमान कोचर ने पारंपरिक रूप से युद्धपोत का जलावतरण व इसका नामकरण किया। वाइस एडमिरल अजय कोचर ने पांच महीने से कम समय में तीसरे पोत के जलावतरण पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि जीआरएसई में चौबीसों घंटे किए जा रहे परिश्रम के साथ भारतीय युद्धपोत निर्माण व्यवस्था की बढ़ती गति, क्षमता और मजबूती को दर्शाती है।

पोत में अत्याधुनिक सेंसर व अन्य उपकरण लगाए गए

खोज एवं बचाव, मानवीय सहायता में भी कारगर

दोगलापन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने तेल खरीद पर रोक हटाई, जेलेंस्की ने जताई नाराजगी

भारत पर 100% टैरिफ की धमकी देने वाला अमेरिका अब खुद रूस से खरीदेगा डीजल

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी। अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रंप तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं। हालांकि, इस फैसले पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा। खास बात यह है कि सितंबर में ही ट्रंप ने ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकता है।



ट्रंप बोले, रूस तुरंत 3 लाख टन सप्लाई भेजेगा

ट्रंप ने बताया कि रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। ट्रंप के मुताबिक, अगर सबकुछ ठीक रहा तो आगे चलकर 30 लाख टन डीजल भी भेजा जा सकता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने पुतिन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कम कीमतें, खासकर अमेरिकी किसानों, पशुपालकों और ट्रक चालकों के लिए, उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं।

जेलेंस्की बोले- डील से रूस को युद्ध लंबा खींचने में मदद मिलेगी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से डीजल खरीदने के समझौते की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे पुतिन की युद्ध लड़ने की ताकत बढ़ेगी और रूस ज्यादा आक्रामक हमले कर सकेगा। इस समझौते से रूस को युद्ध लंबा खींचने, ज्यादा लोगों की जान लेने और दुनिया को नुकसान पहुंचाने में मदद मिलेगी।

खबर संक्षेप

सेवा में जुटे राधास्वामी सेवादार की करंट लगने से गई जान

लाडवा। राधास्वामी सत्संग भवन के बाहर 11 हजार केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से झुलसे दूसरे सेवादार हरिराम वर्मा की भी मौत हो गई। उन्होंने ने शनिवार सुबह चंडीगढ़ पीजीआई में दम तोड़ दिया। इससे पहले हादसे में सोहन लाल (60) की मौत हो गई थी, जबकि तीसरे व्यक्ति राकेश कुमार को भी करंट लगा था। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। हादसा 5 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे हुआ था। तीनों सेवादार राधास्वामी सत्संग भवन के बाहर उगी घास और बेलों की सफाई करने के लिए लोहे की सीढ़ी लेकर जा रहे थे। रास्ते में सीढ़ी ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गई।

होटल में युवती को छोड़ गया प्रेमी, सुबह फंदे पर लटकी मिली

फरीदाबाद। सेक्टर-11 स्थित एक होटल के कमरे में आगरा की रहने वाली 25 वर्षीय युवती अदिति का शव फंदे से लटका मिला। युवती पिछले तीन दिन से अपने प्रेमी हेमंत शर्मा के साथ होटल में ठहरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, उसका प्रेमी रात में होटल से चला गया था। शनिवार सुबह युवती का शव फंदे पर मिला। हेमंत मूल रूप से आगरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि युवती ने आत्महत्या की या उसकी मौत के पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस जांच कर रही है।

कॉकरोच जनता पार्टी के दिल्ली प्रदर्शन को लेकर हरियाणा में भी बवाल

दिल्ली जाने वालों पर बैठाया पुलिस ने पहरा, बॉर्डर पर चेकिंग कर रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को देखते हुए शनिवार अलसुबह से ही पूरे प्रदेश में दिल्ली जाने वाले नेताओं को पुलिस ने घेरना व पकड़ना शुरू कर दिया। कई नेताओं को घरों में ही हाउस अरेस्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई का तीखा विरोध भी देखने को मिला। रोहतक में जिला पार्षद जयदेव को हिरासत में लेने कबूलपुर गांव पहुंचे एसएचओ को ही महिलाओं ने घेर लिया। पुलिस के इतनी सख्ती के बावजूद सैकड़ों की संख्या में नेता छुपते-छपाते व भेष बदलकर दिल्ली पहुंचे और प्रदर्शन में भाग लिया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने दिल्ली जा रहे या जाने की योजना बना रहे सीजेपी, कांग्रेस, जजपा, आप आदि पार्टियों के नेताओं को पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया। काफी संख्या में विद्यार्थी भी इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए गए। वहीं, गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर व सोनीपत से लगते दिल्ली बॉर्डर पर भी पुलिस का कड़ा पहरा रहा। बॉर्डर्स पर बेरिकेडिंग रही। वाहनों की सघन जांच का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा।



सोनीपत। कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर वाहन चालकों से पूछताछ करती पुलिस।

रास्ते से पकड़कर घर में किया नजरबंद

पानीपत। दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जा रहे भाकियू, कांग्रेस व जजपा नेताओं को पुलिस की टीमों ने शनिवार को रास्ते में ही डिटेन कर लिया। किसान नेता बिंटू मलिक निवासी गांव उग्रा खेड़ी, अनिल कादियान निवासी गांव सिवाह, काला निवासी गांव महावटी, राजेश निवासी गांव चंदौली, प्रदीप निवासी गांव इसराना, प्रताप ने आरोप लगाया कि गन्नौर के पास थाना चांदनी बाग पुलिस ने उनकी गाड़ियों के आगे अपने वाहन अड़ाकर उन्हें हिरासत में लिया और अपने वाहनों में सवार कर उन्हें गांव सिवाह के एक घर में नजरबंद रखा। दूसरी ओर, थाना शहर पुलिस ने कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष बलजीत को उनके ही घर में नजरबंद रखा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ ओमवीर पंवार व इनके साथियों को दिल्ली जाते समय रास्ते से पकड़ कर नजरबंद किया। इधर, जजपा के छात्र संगठन इनसो के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैलदार को दूसरे दिन भी थाना मतलौडा पुलिस ने थर्मल पुलिस चौकी में नजरबंद रखा।

गिरफ्तारी के विरोध में पुतला फूंका

हिसार। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने जा रहे छात्र-युवाओं को गिरफ्तार करने और जगह-जगह हिरासत में लिए जाने के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लघु सचिवालय के सामने मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया।

रेलवे स्टेशन पर यात्री रहे परेशान : दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन को देखते रेलवे स्टेशनों पर रेल सेवाएं बाधित रही। दिल्ली की ओर जाने वाली दर्जनों ट्रेनें रद्द थीं। रेलयात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

पांच किमी लंबा जाम : कुंडली-सिंघु बॉर्डर सहित दिल्ली की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा कड़ी रही। वाहनों की जांच के चलते कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

पुलिस ने नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

बहादुरगढ़ : इनेलो के शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, मीडिया प्रभारी एडवोकेट विपिन व पार्षद मोहित राठी को शनिवार तड़के हिरासत में ले लिया।

महेंद्रगढ़ : कांग्रेस कमेटी महेंद्रगढ़ अध्यक्ष सत्यवीर यादव को सुबह उनके आवास पर पुलिस ने डिटेन किया।

सोनीपत : दिल्ली जा रहे किसान नेता वीरेंद्र पहल और कांग्रेस नेता राजेश पहलवान को पुलिस ने हिरासत में लिया। जिला पार्षद संजय बड़वासनियां को उनके घर पर ही नजरबंद रखा गया।

रेवाड़ी : कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश ठेकेदार व विश्व यादव परिषद की प्रवक्ता दीपिका लवली यादव को भी घर पर ही अरेस्ट कर लिया गया।

सिरसा : कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कालांवाली से कांग्रेस विधायक शीशपाल सिंह केहरवाला तथा अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा की।

तोशाम : अखिल भारतीय किसान सभा ने गांव मीरान व ईशरवाल में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया।

नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन

सीएम आवास घेरने जा रहे गेस्ट टीचर्स को वाटर कैनन से रोका



कुरुक्षेत्र। अतिथि अध्यापकों पर वाटर कैनन की बौछार करते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग को लेकर शनिवार को कुरुक्षेत्र में प्रदेशभर से पहुंचे अतिथि अध्यापकों ने प्रदर्शन किया। लघु सचिवालय पर एकत्रित होने के बाद दोपहर को शिक्षक पैदल मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने लगे। जिंदल चौक, सेक्टर-3 पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग पार करने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान कई अतिथि अध्यापक चोटिल भी हुए। प्रदर्शन को देखते हुए जिंदल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मौके पर वाटर कैनन वाहन भी मौजूद रहा। मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने से रोके जाने पर प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और नियमित करने की मांग दोहराई।

शिक्षकों के अनुसार, 16 अप्रैल 2026 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले तथा 29 अप्रैल और 27 मई 2026 को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद अभी तक किसी अतिथि अध्यापक को नियमित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी मांग को लेकर 23 जून 2026 से लघु सचिवालय में अनिश्चितकालीन पड़ाव शुरू किया गया था। महेश तेवतिया और राजकुमार कालीरमन ने कहा कि संगठन के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले में हरियाणा सरकार की 16 और 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों को वैध माना गया है। उनका दावा है कि 29 अप्रैल और 27 मई को हाईकोर्ट ने भी अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के पक्ष में आदेश पारित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापक इन नीतियों के तहत नियमितीकरण की शर्तें पूरी करते हैं। संगठन ने सरकार से सभी पात्र अतिथि अध्यापकों को तत्काल नियमित करने और जून 2014 से सभी संबंधित लाभ देने की मांग की। गेस्ट टीचर भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अप्रैल 2026 में अतिथि अध्यापकों से जुड़े मामले में अदालत का फैसला आया था। इसके बाद 23 जून से कुरुक्षेत्र में धरना जारी है।

खूंखार कुत्ते ने बच्चे समेत 10 को काटा, लोगों ने मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



बिलपुरा गांव में एक खूंखार कुत्ते ने कुछ देर में ही 4 साल के मासूम बच्चे से लेकर 75 साल के बुजुर्ग तक 10 लोगों को काट लिया। हमले के दौरान जब कुत्ते ने 4 साल के मासूम दैविक पर हमला किया तो उसे बचाने के लिए उसकी दादी पिंकेश और दादा रघुबीर आ गए। कुत्ते ने इन दोनों को भी काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसके अलावा 11 साल के वासुदीप, मिस्त्री बलबीर और 75 साल के तुलसी राम समेत पूरे इलाके में जो भी सामने आया, उस पर हमला कर दिया। दहशत में आए लोगों ने बाद में कुत्ते को घेरकर मार डाला। उधर, 6 घायलों को अंबाला कैंट नागरिक अस्पताल और 4 को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल पिंकेश ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे वह रोजाना की तरह अपने घर के बाहर 4 साल के पोते दैविक के साथ खड़ी थीं। इसी दौरान गली में से एक कुत्ता तेजी से आया और उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बचाने आए पति रघुबीर के हाथ पर भी काट लिया।

कार लूट के चार आरोपियों का पलवल में एनकाउंटर, 2 को पैर में मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़ के सेक्टर-46 में पुलिस बीट बॉक्स के सामने दुकानदार से गन पॉइंट पर कार लूटकर भागे चार बदमाशों की पलवल में पुलिस से मुठभेड़ हो गई। छपरौला के पास सीआईए ने लुटेरों को खेतों में घेर लिया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि उनके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

चंडीगढ़ में गुरुवार रात करीब 11:15 बजे हथियारबंद बदमाशों ने दुकानदार मोहन से कार लूटी थी। इसके बाद शुक्रवार देर रात कार जीरकपुर से बरामद हुई थी। अब पलवल में मुठभेड़ के बाद चारों आरोपियों को पकड़ लिया गया है। घायल आरोपियों की पहचान पटियाला के बरवाला क्षेत्र के हाथी नगला निवासी लकी और मूल रूप से नेपाल के नौरंगढ़ निवासी रोशन आचार्य के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों फिलहाल बरवाला में रह रहे थे। उनके खिलाफ पंजाब में एनडीपीएस और मारपीट के करीब छह मामले दर्ज हैं। मौके से पकड़े गए अन्य दो आरोपियों की पहचान बरवाला निवासी सन्नी और खुशप्रीत के रूप में हुई है।



एनकाउंटर में घायल आरोपी।

पुलिस ने एनकाउंटर में 3 नशा तस्कर पकड़े

गुरुग्राम। नंगली उमरपुर से सेक्टर-62 की ओर जाने वाले क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान नशा तस्करी के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से फायरिंग हुई, जिसमें दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। वहीं, आरोपियों की फायरिंग में एक पुलिस जवान भी घायल हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 136 ग्राम एमडीएमए, एक पिस्टल, एक देसी कट्टा व खाली खोल बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान मार्फत उर्फ मारू (32 वर्ष), निवासी बाली, जिला मुर्शिदाबाद, फूल बाबू शेख (26 वर्ष), निवासी बाली, जिला मुर्शिदाबाद और श्रीकुल शेख (37 वर्ष), निवासी मीरा प्लेसी, जिला नादिया, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

फॉरेस्ट विभाग के गार्ड ने जहर निगला, डीएफओ पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

फॉरेस्ट विभाग के गार्ड ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया कि जिला फॉरेस्ट ऑफिसर की प्रताड़ना से परेशान होकर यह कदम उठाया है। शहर थाना पुलिस ने डीएफओ के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

रतन कॉलोनी निवासी करण (45) फॉरेस्ट विभाग में गार्ड के पद पर ड्यूटीरत था। उसने 8 अक्टूबर देर रात को अपने आवास पर जहरीला पदार्थ निगल लिया। पत्नी गीता देवी ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसके पति को भिवानी डीएफओ पवन ग्रोवर प्रताड़ित करता था। उसका पति कर्ण अक्सर उसे परेशान करने के बारे में बताता था। उसके पति को नौकरी खोने की धमकी दी जाती थी।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

G.P.S. HOODAWALA
V.P.O.-Gangana, Block-Mundlana
(Sonipat) Mob No. 9416822414
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा.पाठशाला हुड्डावाला (गांव गंगाना) के प्रांगण में विभागीय निर्देशानुसार खंड शिक्षा अधिकारी की देखरेख में दिनांक 21.10.26 बुधवार को दोपहर 12:30 बजे एक कण्डम कमरे की बोली की जाएगी। बोली के नियम, शर्तें व जमानत राशि बारे मौके पर बता दिया जाएगा।
हस्ता/-मुख्य शिक्षक, श्री रोहताश कुमार
G. P. S. Hoodawala
17972 (SNP) Block Mundlana
निवेदक: HT/SMC GPS Hoodawala

राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला, कुगंड (10534)
नीलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला कुगंड़ तहसील बवानी खेडा जिला भिवानी में 5 नकारा कमरों की बोली में भाग लेना चाहता है तो दिनांक 14.10.2026 को दोपहर 1:00 बजे विद्यालय परिसर में आकर बोली में भाग ले सकता है। बोली दाता को पहले 30000/- (तीस हजार रूपये केवल) धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कुल बोली का 25% उसी दिन व शेष 75% राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
हैड टीचर, राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला कुगंड, मो. नं. 7404577443
प्रधान मुकेश, विद्यालय प्रबंधन समिति, कुगंड (10534), तहसील बवानी खेडा जिला भिवानी

नीलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ढाणी रोहनात (10565) जिला भिवानी में नकारा घोषित स्कूल के 1 कमरे बोली की जानी प्रस्तावित है। उपरोक्त बोली 17510/- से शुरु होगी। अतः जो कोई भी सज्जन बोली में भाग लेने का इच्छुक हो तो वह दिनांक 14.10.2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल में आकर बोली दे सकता है।
बोली दाता के लिए नियम व शर्तें :-
1. बोली दाता को बोली से पहले 10 हजार रुपये धरोहर राशि नगद या विद्यालय मुखिया के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवानी अनिवार्य होगी।
2. बोली प्राप्त करने वाले को, बोली राशि की 25% राशि नीलामी के तुरन्त बाद जमा करवानी होगी।
3. बाकी 75% राशि तीन दिन के अंदर जमा करवानी होगी।
4. नीलामी के उपरान्त 45 दिन में सारा मलबा उठाना होगा और समतल करके देना होगा अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. अन्य नियम व शर्तें बोली वाले दिन मौके पर बता दी जायगी।
मुख्य अध्यापक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ढाणी रोहनात (10565), ब्लॉक बवानी खेडा (भिवानी)
प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति, ढाणी रोहनात, ब्लॉक बवानी खेडा (भिवानी)

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा मुखर होकर जता रहे विरोध

थम नहीं रही कांग्रेस में गुटबाजी और खींचतान

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह के साथ-साथ कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त कांग्रेस को मजबूत करने की मुहिम पूरे प्रदेश में चला रहे हैं लेकिन प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में दूरी, धड़ाबंदी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दिनों से मुखर चल रहे वरिष्ठ नेता और पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने पूर्व सीएम नेता विपक्ष हुड्डा व उनके सांसद बेटे के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। शर्मा कई दिनों से चंडीगढ़ में सक्रिय हैं, साथ ही खुलकर मीडिया के कैमरों पर बोल रहे हैं। उन्होंने पंजाब की तर्ज पर हरियाणा को लेकर भी अहम सुझाव हाईकमान व राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजे हैं। कुलदीप शर्मा का कहना है कि इस बारे में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को पत्र भेजकर सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का सुझाव दे दिया है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी से अगला विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ने का सुझाव दिया है।

कांग्रेस ने अब 2029 विधानसभा चुनाव को लेकर पीसीसी चीफ और प्रभारी दत्त ने करो या मरो का नारा दिया है। पूरे प्रदेश के अंदर दौरे कर संगठन को खड़ा करने के साथ ही गुटबाजी और खींचतान को कम करने का प्रयास भी किया है। उसके बाद भी अलग अलग धड़े व बडे नेताओं के बीच की दूरी कम होने का नाम नहीं ले रही है क्योंकि सारे ही अपनी सियासी महत्वकांक्षा को लेकर फ्रंट फुट पर लड़ रहे हैं। भले ही प्रदेश के चुनाव दूर हो लेकिन अभी से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी और नेतृत्व करने वाले खुद की मार्केटिंग से पीछे नहीं हैं।

अहम बात यहां यह है कि कुलदीप शर्मा के इन तेवरों के पीछे भी कई वरिष्ठ नेताओं की थपकी बताई जा रही है, क्योंकि पूरे विवाद को लेकर किसी ने कोई बयान हीं दिया बल्कि हर नेता गहरी चुप्पी साधे हुए है। कई मौके पर पूर्व स्पीकर के साथ में वरिष्ठ नेत्री सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा भी दिखाई दी हैं। सैलजा ने भी 2024 विसभा चुनाव से पहले नाराजगी दिखाई थी।

शब्द पहेली - 6374



बाएँ से दाए
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

ऊपर से नीचे
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

शब्द पहेली - 6373 का हल

	अ	ह	म	क		जा	य	दा	द	
ल		क	म	र		न	म	न		अ
व	स		ता	त		का	ज		हा	र
कु	ली	न		ल	ह	र		रा	ज	मा
श	ब	न	म		म		आ	स	मा	न
			सा	फ	स	फा	ई			
अ	च	र	ज		फ		ना	ला	य	क
व	म	न		ह	र	म		ल	की	र
ता	न		स	ज		हा	र		न	त
र		क	र	म		व	ज	न		ब
	ग	फ	ल	त		त	क	दी	र	



जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एकदूसरे पर कसा तंज

इंडिया ब्लॉक और सीजेपी दो अराजक गुट : नवीन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विपक्ष और कॉकरोच जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज देश में बेहद खतरनाक और गंभीर स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। दो अराजक गुट देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एक का नेतृत्व इंडिया ब्लॉक के राहुल गांधी और दूसरे का नेतृत्व अरविंद केजरीवाल के सहयोगी सीजेपी कर रही है। नितिन नवीन कहा कि इंडिया ब्लॉक और सीजेपी में होड़ लगी है कि कौन ज्यादा अराजकता फैलाएगा। भारत की जनता उनके इरादों को अच्छी तरह समझती है। जनता उन्हें नकार चुकी है। नवीन ने चेतावनी दी कि केंद्र सरकार तनाव भड़काने की कोशिशों से सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर ऐसे मंसूबों को नाकाम करेंगे। जब सीजेपी ने ज्ञानेशके इस्तीफे की मांग और एसआईआर के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आज प्रदर्शन का आह्वान किया है।

बोले दोनों में अराजकता फैलाने की होड़ मची



मंसूबे कामयाब नहीं होंगे

नवीन ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता संविधान के नाम पर लोकतंत्र को चुनौती दे रहे हैं और झूठ फैलाकर जनता के जनादेश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों में चुनावी हार से विपक्षी दल हताश हैं और वे देश को शांतिपूर्वक आगे बढ़ते नहीं देखना चाहते। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी हार के बाद विपक्ष जनता के फैसले को स्वीकार करने या उससे सीखने के बजाय देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। नवीन ने कहा कि अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। नवीन ने कहा कि देश के युवा इन नेताओं की भाषा पर नजर रख रहे हैं।

हम संविधान पर हमला करने वालों को शिकस्त देंगेः राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरा



भाषा ▶▶ चेन्नई

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने युवाओं से अपना विरोध जारी रखने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी उनके साथ खड़ी है और सरकार तथा संविधान पर हमला करने वालों को शिकस्त देना सुनिश्चित करेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा तथा आरोप लगाया कि इनकी सबसे बड़ी पहचान 'कायरता' है। गांधी ने दावा किया, "नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, ज्ञानेश कुमार, अजीत डोभाल इस कहानी के खलनायक हैं।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में कहा

लोकतंत्र को नष्ट कर रहे 'मोगैंबो मोदी, कीमत चुकानी होगी



चेन्नई (भाषा)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि मोगैंबो मोदी भारतीय लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने यहां छात्रों की गूंज कार्यक्रम में यह भी कहा कि विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि प्रधानमंत्री को इस अपराध की कीमत चुकानी पड़े। प्रधानमंत्री मोदी को यह समझ नहीं आ रहा है कि खेल खत्म हो चुका है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति सी जोसेफ विजय से उनके नीलांकरई सबअर्बन घर पर मुलाकात की।

पंजाब में आईएसआई को सूचनाएं भेजने वाली महिला को किया गिरफ्तार

सैनिक पति से सेना की जानकारी लेकर पाक भेज रही थी



फरीदकोट। सेना की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और सेना तक पहुंचाने के आरोप में फरीदकोट की एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। मामले में भारत-चीन सीमा पर तैनात दो सैन्यकर्मियों को भी नामजद किया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला की पहचान हरिंदरा नगर निवासी गुरनूर सिद्धू के रूप में हुई है। असल में महिला मूल रूप से फिरोजपुर की निवासी है और उसने फरीदकोट की निवासी होने के जाली दस्तावेज तैयार करवाए हुए हैं। फरीदकोट की खुफिया व सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी मामले की गहनता से जांच की जा रही है। नामजद आरोपी सैन्यकर्मी मोगा के रहने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला गुरनूर सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया। अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने यह जानकारी नहीं दी है कि महिला से क्या-क्या बरामद हुआ है। इसने भारत-चीन सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ मिलकर एक गिरोह बनाया हुआ था।

उप्र के सहारनपुर में भीषण हादसा

ट्रैक्टर-ट्रॉली को कंटेनर ने मारी टक्कर, चार लोगों की गई जान

भाषा ▶▶ सहारनपुर (उप्र)



सहारनपुर में शनिवार सुबह श्रद्धालुओं को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा देवबंद थाना क्षेत्र में एक फ्लाईओवर के पिलर संख्या 13 के पास हुआ। सभी श्रद्धालु मां शाकंभरी देवी के दर्शन करने के बाद नवरात्र के लिए ज्योति लेकर मेरठ के सरधना स्थित गांव कुशावली लौट रहे थे। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मयंक पाठक ने बताया कि रात भर यात्रा करने के बाद शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वे देवबंद पहुंचे और चाय-नाश्ता करने के लिए रुके थे। पीछे से तेज गति से आ रहे कंटेनर ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 4.2 तीव्रता का भूकंप

देहरादून (भाषा)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शनिवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे घबराकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रात आठ बजकर सात मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 11 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी से दो किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बताया गया है। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के फिलहाल कहीं से भी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

सीजेपी का प्रदर्शन विफल यह भीड़तंत्र की हारः पात्रा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि दिल्ली को 'बंधक' बनाने के इरादे से किया गया प्रदर्शन पूरी तरह विफल रहा। पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के साथ मिलकर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए उनकी तुलना मीर जाफर से की।



भाजपा नेता संबित पात्रा ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे सैकड़ों युवाओं और कई नेताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद कहा कि यह 'भीड़तंत्र पर लोकतंत्र की जीत' है। भाजपा मुख्यालय में संवादढाता सम्मेलन में पात्रा ने राहुल गांधी को 'नालायक' नेता कहा। उन्होंने शुक्रवार को दिए गए गांधी के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक मुलाकात में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 'वोट चोरी' के आरोप का खंडन नहीं किया। पात्रा ने कहा कि जंतर-मंतर पर जो हो रहा है और टीवी तथा विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर जो दिखाया जा रहा है, वह भारत की वास्तविक तस्वीर नहीं है। भारत शांतिपूर्ण है और सुशासन के साथ आगे बढ़ रहा है।" उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के जरिए राष्ट्रीय राजधानी और पूरे देश को बंधक बनाने की कोशिश की गई।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका बोलीं

भारत में अब लोकतंत्र नहीं, मोदी और शाह चला रहे हैं तानाशाही



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि "भारत में अब लोकतंत्र नहीं रहा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में तानाशाही चलाई जा रही है।" प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने और उसे नष्ट करने में सहयोग करने वाले लोग देश के खिलाफ देशद्रोह कर रहे हैं। प्रियंका ने 'एक्स' पर पोस्ट करके आरोप लगाया कि पहले 254 सांसदों के साथ मारपीट की गई और उन्हें पूरी तरह अवैध तरीके से हिरासत में लिया गया, जिससे उनके बुनियादी संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे-बोले

मोदी सरकार ने 'लोकतंत्र की जननी' का गला घोंटा



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने 'लोकतंत्र की जननी' का गला घोंट दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ सवाल उठाने वाले युवाओं, छात्रों, वकीलों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और किसान यूनियन के नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट में आरोप लगाया कि भाजपा और संघ की 'कायरता' आज खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि हिरासत, गिरफ्तारी, जेल, लाठीचार्ज और पैलेट गन भी देश के लोगों को उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने से नहीं रोक सकते। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों से ही युवा देश का भविष्य तय करने में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।

एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन अब 14 तक

कोटा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि. की ओर से आयोजित की जाने वाली एलन टैलेंटेक्स-2027 परीक्षा में रजिस्ट्रेशन के लिए देशभर के स्टूडेंट्स को एक और मौका दिया जा रहा है। स्टूडेंट्स के उत्साह को देखते हुए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 से बढ़ाकर 14 अक्टूबर तक कर दी गई है। इच्छुक स्टूडेंट्स वेबसाइट पर विजिट कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। आफलाइन व आनलाइन दोनों मोड में होने वाली टैलेंटेक्स-2027 के लिए आफलाइन एग्जाम 25 अक्टूबर को जबकि आनलाइन एग्जाम 25, 28 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित होगा।एलन वाइस प्रसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि शुरुआत से अब तक एलन टैलेंटेक्स में 21 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हो चुके हैं। इस परीक्षा में कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। एग्जाम के बाद नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा एलन कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कालरशिप दी जाएगी।परीक्षा परिणाम के अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिभागी को कम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी प्रदान किया जाएगा। यह एक विशिष्ट परफॉर्मेंस इंडिकेटर है, जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का आकलन करने में मदद करेगा।

नेशनल रैंकिंग के साथ 2.50 करोड़ के कैश प्राइज एवं फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप



परीक्षा दो घंटे की होगी

इस इंडेक्स के माध्यम से स्टूडेंट्स यह पता कर सकता है कि यदि वह जेईई, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होता तो उसकी क्या नेशनल रैंकिंग रहती। जो विद्यार्थी पहले से एलन के क्लासरूम कोर्स में अध्ययनरत हैं, वे भी परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। विद्यार्थी https://allen.in/tallentex. पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें पोर्टल पर उपलब्ध प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स का लाभ मिलेगा। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी आधारित होगा, जबकि परीक्षा पैटर्न एवं विस्तृत सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी एवं नियम – शर्तों के लिए वेबसाइट पर विजिट करें। परीक्षा दो घंटे की होगी, जिसमें बहुविकल्पी व इन्टिजर टाइप प्रश्न होंगे, जिसमें फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ्स, बॉयोलॉजी एवं लॉजिकल मेंटल एबिलिटी के प्रश्न पूछे जाएंगे।

दिल्ली जा रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई 'कायरतापूर्ण': सुप्रिया सुले



मुंबई(भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता एवं सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को "शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई" की आलोचना करते हुए इसे सरकार का "कायरतापूर्ण" कदम बताया और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक चुनाव सुधारों की मांग की। सुले ने कहा कि सरकार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाबंदियां लगाने के बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए थी। मैं इस कार्रवाई की निंदा करती हूं क्योंकि यह पूरी तरह शांतिपूर्ण प्रदर्शन था। व्यक्तिगत तौर पर मेरा मानना है कि किसी भी सरकार का ऐसा करना कायरतापूर्ण है।

दिल्ली में गिरफ्तारी के विरोध में माकपा का केरलम में प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम(भाषा)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में पार्टी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के बाद माकपा ने केरलम में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया। केरलम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पिनराई विजयन, पार्टी महासचिव एमए बेबी और राज्य सचिव एमवी गोविंदन समेत माकपा केंद्रीय समिति के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने केरल हाउस के पास उस समय हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि कोझिकोड में बेपोर के विधायक पीए मोहम्मद रियास के नेतृत्व में माकपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन मार्च निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

HONDA

The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक | लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*



IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS # pine labs #

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR: Ashwani Honda - 9992220142; **NARNAUND:** 9996786352; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9812746500; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 7056661424; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9416027672; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **PINJORE:** Sukhija Honda - 7206111444; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने राजनीतिक शासन के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। उनके काल में अनेक उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। मोदी की पहल पर कई योजनाएं शुरू की गईं। स्वच्छ भारत मिशन से करोड़ों शौचालय बने। गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित हुए। जन धन योजना से करोड़ों बैंक खाते खुले। गरीबों को सीधा पैसा मिला। उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन दिए। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर इस बात का उदाहरण है कि किसी नेता की लोकप्रियता, संगठनात्मक ताकत, चुनावी रणनीति और जनता से संवाद की शैली किस तरह राजनीति की दिशा को प्रभावित कर सकती है। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के लगातार निशाने पर रहने के बावजूद वे दृढ़ रहे हैं। साथ ही देश के विकास में अपनी नीतियों, विकास योजनाओं और उन पर अमल कराने में सफल माने जा सकते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि उनके शासनकाल में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि में सुधार हुआ है। मोदी ने आर्थिक मोर्चे पर देश को बहुत गति दी है। वर्तमान में देश में दूर-दूर तक कोई नेता नहीं, जो नरेंद्र मोदी का मुकाबला कर सके। कह सकते हैं कि मोदी राज में देश ने अपना खोया गौरव हासिल करने की दिशा में एक मजबूत कदम जरूर बढ़ाया है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े लक्ष्य तय



विश्लेषण

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

किसी राजनेता या मनुष्य की पहचान यही है कि कठिन, विकट और विपरीत परिस्थितियों में भी बिना दबाव में आए और डरे या सहमे बिना आत्मविश्वास के साथ व्यापक और बड़े लक्ष्य निर्धारित करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सत्ता के जीवन का मूल्यांकन करें तो आपको दिख जाएगा उन पर यह सिद्धांत सटीक बैठता है। कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता या संभव ही नहीं कि निर्धारित बड़े सभी लक्ष्य उस रूप में हासिल भी हो जाए। सरकार के प्रमुख होने के नाते जो लक्ष्य निर्धारित होते हैं, उनमें केवल मंत्रिमंडल ही नहीं, नौकरशाह, केंद्र से लेकर राज्य और नीचे स्तर तक सारे सरकारी कर्मचारी, मशीनरी और देश के लोगों का भी भरपूर भागीदारी और सहयोग चाहिए होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब इतिहास में सर्वाधिक निंदा, आलोचना, विरोध और पूरा राजनीतिक जीवन समाप्त करने के शक्तिशाली हमलों और षड्यंत्रों से जूझते हुए राष्ट्रीय क्षितिज पर आए तो अपने भाषणों से उन्होंने देश में अपेक्षाएं बढ़ाईं। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहता कि हमको बदला हुआ कानून, बदली हुई पूरी व्यवस्था मिले, तभी मैं विकास करूंगा बल्कि जो ढांचा है, उसी में मैं भारत को विश्व की प्रमुख शक्ति बनाऊंगा। स्वाभाविक ही देश ने उन पर विश्वास किया और उसके अनुरूप उन्हें 2014 में चुनावी सफलता मिली। प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों की सफलताओं के बड़े अंश का दायित्व उस पूरे संघ विचार परिवार को भी जाता है, जिसके वे स्वयंसेवक और प्रचारक रहे। दरअसल, भाजपा अन्य पार्टियों से इस मायने में भिन्न है क्योंकि पूरे संघ संगठन परिवार के लोगों के अंदर यह भाव रहता है कि यह पार्टी या तो हमारी विचारधारा और लक्ष्य का प्रतिनिधित्व करती है या कम से कम उसके सबसे निकट है। इसलिए जो कुछ उनके अपने अनुकूल लगता है, उसमें चरित्र के अनुरूप संगठन लग जाते हैं। कोई विरोधी भले नकारे लेकिन मोदी की सफलताएं भी अद्भुत हैं। इनमें यहां व्यापक रूप से जाना संभव नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब इतिहास में सर्वाधिक निंदा, आलोचना, विरोध और पूरा राजनीतिक जीवन समाप्त करने के शक्तिशाली हमलों और षड्यंत्रों से जूझते हुए राष्ट्रीय क्षितिज पर आए तो अपने भाषणों से उन्होंने देश में अपेक्षाएं बढ़ाईं। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहता कि हमको बदला हुआ कानून, बदली हुई पूरी व्यवस्था मिले, तभी मैं विकास करूंगा बल्कि जो ढांचा है, उसी में मैं भारत को विश्व की प्रमुख शक्ति बनाऊंगा। स्वाभाविक ही देश ने उन पर विश्वास किया और उसके अनुरूप उन्हें 2014 में चुनावी सफलता मिली। कोई विरोधी भले नकारे, लेकिन मोदी की सफलताएं भी अद्भुत हैं। इनमें यहां व्यापक रूप से जाना संभव नहीं है।



जातीय अस्तित्व का कारक हो सकता है नुकसानदायक

मोदी को देश ने भारत के पहले हिंदू नेता के रूप में सिर पर बिठाया और ऐतिहासिक लोकप्रियता दी। इसे और आगे ले जाने का दायित्व उनके नेतृत्व में समूची सरकार और भाजपा का था और है। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में जातीय पहचान और जातीय अस्तित्व का कारक फिर डरावने रूप में खड़ा हुआ है। अगर तुरंत सचेत होकर इससे साहसपूर्वक राजनीतिक जोखिम उठाकर बाहर निकालने और देश को निकालने के लिए व्यवहार और नीतियां नहीं हुई तो यह फिर से बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। दूसरे, जब देश को 2047 तक दुनिया की बड़ी शक्तियों के समक्ष हर दृष्टि से खड़ा करने का लक्ष्य है, तब सरकार और संसद से लेकर पार्टी के अंदर उसी तरह के प्रतिबद्ध, योग्य, समझ रखने वाले और इसके लिए ही जान लगा देने वाले लोगों की संख्या होनी चाहिए। ऐसा न हो कि पार्टी के ज्यादातर नेता स्वयं को सुरक्षित करने में लगे रहें और केवल औपचारिक रूप से कार्यक्रमों में भागीदारी हो। मोदी जी और उनके निकटतम साथी गृह मंत्री अमित शाह ने जो किया वह अद्भुत है। लेकिन क्या उनके बाद की दृष्टि से भी भाजपा में ऐसी टीम खड़ी हो रही है, जो इतनी व्यापक सोच, प्रतिबद्धता और निष्ठा से केवल देश को केंद्र में रखकर राजनीति और सत्ता संचालन करें? उनके जिम्मे ये दो महत्वपूर्ण आवश्यक दायित्व हैं जिसे उन्हें अपने सेवानिवृत होने के पहले हर हाल में पूरा करना चाहिए।

लोगों के व्यवहार में आया बदलाव

कुछ उदाहरण ले सकते हैं। सरकारी नीतियों में समाज सुधार जैसे कार्यक्रम यानी स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना ,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, लोग सौर ऊर्जा अपनाएं और बिजली बेचें ,खेत की मेड़ों पर वृक्ष लगाएं, फुहारे वाले यानी स्प्रिंकल सिंचाई का उपयोग करें, मोबाइल का धन लेने और भुगतान में उपयोग करें,लखपति दीदी, सरकारी जमीन और आवास घर की महिलाओं के नाम रजिस्ट्री करवाने आदि-आदि। समाज के निचले स्तर पर इनके प्रभावों का अध्ययन करने वाले निष्पक्ष लोग देख रहे हैं कि क्या हुआ। यह नहीं कहा जा सकता, जैसे लक्ष्य थे, जिस प्रकार अभियान आरंभ हुआ, वैसे ही सब कुछ हो गया। लेकिन लोगों के अंदर स्वच्छता, स्वच्छ ईंधन, सिंचाई में पानी बचाने आदि का विचार पैदा हुआ। यह भी सच है कि अनेक राज्यों में सरकारी महकमों ने लोगों के बीच जाकर जन जागरूकता फैलाने और अभियान के स्तर पर इन कार्यक्रम को सफलता तक ले जाने की ईमानदार भूमिका नहीं निभाई। अगर हमारे स्वभाव में ही गंदगी है तो फिर कोई प्रधानमंत्री पूरी तरह दूर नहीं कर सकता। बावजूद यह मानना पड़ेगा कि 2014 से लेकर 2026 तक लोगों की मानसिकता, व्यवहार और इन कार्यक्रमों की परिणतियों से बहुत बड़ा अंतर आया है।

पंचायतों की भूमिका शर्मनाक

विरोधियों में नरेंद्र मोदी और भाजपा आदि को लेकर अजीब किस्म की वितृष्णा और घृणा है। वे हर कार्यक्रम का मजाक उड़ाते हैं और स्वाभाविक ही उनका जो देश के नागरिक और नेता के नाते जैसा सहयोग मिलना चाहिए, वह नहीं मिलता है। सारे विषय सामाजिक - आर्थिक क्रांति के हैं और इसमें सबकी भागीदारी चाहिए जो नहीं हो पाई है। राहुल गांधी से लेकर अनेक नेता स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाते हैं, लेकिन क्या उनका दायित्व नहीं था, इसमें सहभागिता करके इसे सफलता तक ले जाने के लिए परिश्रम करें? स्वच्छता अभियान तो गांधी जी के जन्म दिवस पर आरंभ हुआ और उनके डेढ़ सौ वीं जन्म शती वर्ष को ध्यान में रखते हुए। इसी तरह प्राथमिक से लेकर मध्य विद्यालयों का कलेवर बदलने के अनेक कार्यक्रम नरेंद्र मोदी सरकार ने दिए और इसी में स्मार्ट क्लास एक था। यह सफेद झूठ है कि इस दिशा में कुछ नहीं हुआ। अगर आप धरातल पर जाएंगे तो बहुत कुछ हुआ लेकिन फिर सरकारी महकमों और पंचायतों की भूमिका कई स्तरों पर शर्मनाक रही है। जब ग्राम पंचायत के प्रधान वहां के वार्ड मेंबर ही चोरी करने लगेंगे और उनका उद्देश्य कार्यक्रम की सफलता से ज्यादा धन कमाना होगा तो कठिनाई आएगी। जहां लोग जागरूक थे, वहां परिवर्तन आए हैं।

नई शिक्षा नीति से परिवर्तन

शिक्षा सुधार की दृष्टि से नई शिक्षा नीति स्वतंत्रता के बाद ऐसा पहला प्रयास है जिसमें छात्रों के बचपन से लेकर युवावस्था तक उनकी वास्तविक प्रतिभा के साथ आगे बढ़ने, अनुभवों, उनके जीवन दिशा निर्धारित होने तथा भारत की विविधताओं से एक-दूसरे से परिचित होने के कार्यक्रम हैं। जहां लागू हो रहे हैं, वहां धीरे-धीरे परिवर्तन आ रहा है। लेकिन जिन विरोधी सरकारों को केवल विरोध करना है और इसे भगवाकरण बताना है, वहां आप क्या कर सकते हैं। विदेश नीति और आतंकवाद विरोधी नीतियों तक का जब देश में विरोध होगा और एकजुटता नहीं दिखेगी, किसी भी प्रधानमंत्री के लिए शत प्रतिशत सफलता तक ले जाना कठिन होगा। इसके बावजूद मोदी सरकार ने पाकिस्तान के संदर्भ में सीमा पार आतंकवाद पर घर में घुसकर मारने का जो साहस दिखाया, उसे दुनिया स्वीकार रही है। जम्मू कश्मीर पहले से मौलिक तौर पर ज्यादा सुरक्षित हुआ है, किंतु अभी इसकी पूर्ण सुरक्षा और पाकिस्तान की हरकतों पर संपूर्ण नियंत्रण होना शेष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को केंद्र बनाएं तो कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो वाकई चिंताजनक हैं और उन पर गहराई से फोकस कर काम करने की आवश्यकता है।

विपक्ष के हर कटाक्ष से और मजबूत हुए मोदी



चुनौती

योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

भारत जैसे देश में एक से बढ़कर एक नेता आए। देश की सत्ता परिवर्तन करने में कई नेताओं ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया और उसी कड़ी में हाल ही के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। लगातार ढाई दशक से देश की राजनीति की मुख्यधारा से जुड़े हुए हैं। कई बार विभिन्न तरीक़े के उतार-चढ़ाव आए लेकिन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए अपने वर्चस्व को बनाए रखा। राजनीति में कई रिकॉर्ड अपने नाम किए और सिलसिला अभी भी जारी है। भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी का उदय और उनका लंबे समय तक सत्ता के केंद्र में बने रहना समकालीन लोकतंत्र की एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटना है। विपक्ष की लगातार आलोचना, चुनावी चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर उठते सवालों के बावजूद मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरों में शामिल रहे हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर इस बात का उदाहरण है कि किसी नेता की लोकप्रियता, संगठनात्मक ताकत, चुनावी रणनीति और जनता से संवाद की शैली किस तरह राजनीति की दिशा को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, यह सवाल कि क्या विपक्ष में कोई नेता उनका मुकाबला कर सकता है, केवल लोकप्रियता के आधार पर नहीं, बल्कि चुनावी परिणामों, नेतृत्व, संगठन और वैकल्पिक नीतियों के आधार पर भी समझा जाना चाहिए । नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री का पद संभाला और दिसंबर 2012 तक इस पद पर बने रहे। इस दौरान गुजरात की राजनीति में उनका नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी की चुनावी रणनीति का प्रमुख हिस्सा बन गया। विकास, प्रशासन, निवेश और मजबूत नेतृत्व की छवि को उन्होंने अपने राजनीतिक संदेश का केंद्रीय आधार बनाया। उनके समर्थकों ने इस मॉडल को गुजरात के विकास से जोड़ा, जबकि आलोचकों ने सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों पर सवाल भी उठाए। वर्ष 2014 में भाजपा ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख चेहरा बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ा। पार्टी ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया और मोदी प्रधानमंत्री बने। वर्ष 2019 में भाजपा ने एक बार फिर अपना बहुमत बढ़ाया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई और अपने दम पर बहुमत से दूर रही लेकिन एनडीए ने बहुमत प्राप्त किया और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। यह तथ्य उनके राजनीतिक प्रभाव के साथ-साथ गठबंधन की राजनीति के महत्त्व को भी रेखांकित करता है। लोकतंत्र में विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना, उसकी नीतियों की समीक्षा करना और जनता के सामने वैकल्पिक दृष्टिकोण रखना है। मोदी सरकार को भी महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, सामाजिक सद्भाव, केंद्रीय संस्थाओं की भूमिका और लोकतांत्रिक जवाबदेही जैसे मुद्दों पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर, मोदी और भाजपा ने कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण जैसे विषयों को अपनी उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री की सार्वजनिक सभाएं, रेडियो कार्यक्रम, डिजिटल माध्यमों पर सक्रियता और व्यापक चुनावी प्रचार उनकी राजनीतिक शैली के प्रमुख हिस्से रहे हैं। मोदी की राजनीति की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि वे राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को स्थानीय चुनावी विमर्श से जोड़ने का प्रयास करते हैं। इससे समर्थकों तक एक स्पष्ट संदेश पहुंचता है। हालांकि, किसी भी नेता की छवि केवल उसके अपने प्रचार से निर्धारित नहीं होती; जनता का अनुभव, स्थानीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन और सरकार के कामकाज का मूल्यांकन भी चुनावी फैसलों को प्रभावित करता है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक भारतीय राजनीति में केंद्रीय भूमिका निभाई। बाद के दशकों में भाजपा के विस्तार, क्षेत्रीय दलों के उभार और बदलते सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों ने कांग्रेस की स्थिति को चुनौती दी। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। इससे राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी नेतृत्व को लेकर सवाल उठे। लेकिन वर्ष 2024 के चुनाव ने यह भी दिखाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपनी राजनीतिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। कांग्रेस ने 2019 की 52 सीटों के मुकाबले 2024 में 99 सीटें हासिल कीं। विपक्षी दलों के गठबंधन ने भी कई राज्यों में भाजपा के सामने प्रभावी चुनौती प्रस्तुत की। इसलिए यह कहना कि कांग्रेस या पूरा विपक्ष मुकाबले की स्थिति में नहीं है, चुनावी तथ्यों की पूरी तस्वीर प्रस्तुत नहीं करता। राजनीतिक मुकाबला केवल किसी एक नेता की लोकप्रियता से तय नहीं होता। संगठन की मजबूती, उम्मीदवारों का चयन, क्षेत्रीय नेतृत्व, सामाजिक समीकरण, गठबंधन, स्थानीय मुद्दे और मतदाताओं की अपेक्षाएं भी इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। तमाम चुनौतियों के बाद भी मोदी ने अपनी लोकप्रियता में अब तक कोई कमी नहीं आने दी। विपक्ष द्वारा बनाए गए 'इंडिया' गठबंधन ने एक बार को तो मोदी को बड़ी टक्कर देने की हुंकार भी भर ली थी, लेकिन बावजूद इसके किला नहीं भेद पाए। ऐसे नेता शताब्दियों में एक बार पैदा होते हैं।

विपक्ष की लगातार आलोचना, चुनावी चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर उठते सवालों के बावजूद मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरों में शामिल रहे हैं। ऐसे नेता शताब्दियों में एक बार पैदा होते हैं।

अलग विचारधारा पर आधारित राजनीति



विशेषता

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

आप जानते ही हैं कि हमारे यहां राजनेताओं की भीड़ है। उनमें से कई राजनीतिक परिवारों से आते हैं। वे पिता या दादा की वजह से आगे बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनसे अलग हैं। वे एक साधारण परिवार से आए। उन्होंने खुद अपनी राह बनाई। उनके पिता चाय बेचते थे। बचपन में मोदी भी चाय की दुकान पर मदद करते थे। वे पढ़ाई करते रहे। बाद में आरएसएस से जुड़े। उन्होंने देश भर में यात्राएं कीं। देश को समझा। संगठन का काम किया। मेहनत से ऊपर उठे। वे 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। 2014 में प्रधानमंत्री बने। तब से वे देश का नेतृत्व कर रहे हैं। यही बड़ा अंतर है। कई नेता जन्म से सत्ता में होते हैं। मोदी ने संघर्ष किया। उन्होंने परिवार को राजनीति से दूर रखा। कई राजनेताओं के बच्चे मंत्री या सांसद बन जाते हैं। मोदी के परिवार ने ऐसा नहीं किया। वे कहते हैं कि सत्ता सेवा है। व्यक्तिगत लाभ नहीं। मोदी की बोलने की शैली भी अलग है। वे छोटे और साफ वाक्य बोलते हैं। लोग आसानी से समझ जाते हैं। वे कठिन शब्दों से बचते हैं। वे भावनाओं से जुड़ते हैं। वे नारे लगाते हैं। जैसे सबका साथ सबका विकास। ये नारे याद रह जाते हैं। वे मंच पर खड़े होकर सीधे लोगों की बात करते हैं। वे हास्य का भी इस्तेमाल करते हैं। इससे भीड़ जुड़ जाती है। वे सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल करते हैं। ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं।

मन की बात कार्यक्रम चलाते हैं। इसमें वे रेडियो पर सीधे लोगों से बात करते हैं। बाकी कई राजनेता अखबारों और टीवी पर निर्भर करते हैं। मोदी सीधे पहुंचते हैं। वे अपनी बात को कहानियों और उदाहरणों से जोड़ते हैं। इससे लोग आसानी से याद रख लेते हैं। प्रख्यात राजनीतिक विश्लेषक बिक्रम उपाध्याय कहते हैं कि मोदी जी का काम करने का तरीका भी अलग है। वे योजनाओं की निगरानी करते हैं। अधिकारी रिपोर्ट देते हैं। वे खुद जांच करते हैं। गुजरात में उन्होंने कई प्रयोग किए। बाद में उन्हें पूरे देश में लागू किया। वे काम टालते नहीं हैं। वे अफसरों और अपने मंत्रियों से सवाल पूछते हैं। जरूरत पड़ने पर कसते भी हैं। वे सुबह जल्दी उठते हैं। लंबे समय तक काम करते हैं। वे विवरण सुनते हैं और तुरंत फैसला लेते हैं। कई राजनेता बैठकों में समय बिताते हैं। मोदी परिणाम चाहते हैं। मोदी की पहल पर कई योजनाएं शुरू की गईं। स्वच्छ भारत मिशन से करोड़ों शौचालय बने। गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित हुए। जन धन योजना से करोड़ों बैंक खाते खुले। गरीबों को सीधा पैसा मिला। उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन दिए। डिजिटल इंडिया से ऑनलाइन सेवाएं बढ़ीं। आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य बीमा मिला। ये योजनाएं अमल पर जोर देती हैं। कई राजनेता वादे करते हैं। अमल कम दिखता है। मोदी ने निगरानी बढ़ाई। जल जीवन मिशन से गांवों में नल का पानी पहुंचा। प्रधानमंत्री आवास योजना से घर बने। इन योजनाओं ने गरीबों की जिंदगी में बदलाव लाया। राष्ट्रीय सुरक्षा पर उनका ध्यान ज्यादा है। आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख रहा। सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई हुई। विदेश नीति में वे सक्रिय हैं। भारत की छवि मजबूत करने की कोशिश की। क्वाड जैसी व्यवस्था में हिस्सा लिया। उन्होंने योग दिवस को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात रखी। मोदी की छवि साफ-सुथरी है। व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। ये छोटी बात नहीं है। वे सादा जीवन जीते हैं। शाकाहारी हैं। अनुशासन पसंद करते हैं। कई राजनेताओं पर घोटालों के आरोप लगते हैं। वे परिवार को सत्ता से दूर रखते हैं। यह भी एक बड़ा फर्क है। कुछ लोग कहते हैं कि वे बहुत ताकतवर हैं। फैसले केंद्र से होते हैं। इससे संस्थाओं पर प्रभाव पड़ता है। चुनाव आयोग जैसे मामलों में सवाल उठे हैं। कुछ कहते हैं कि अल्पसंख्यकों की चिंता कम है। हिंदुत्व पर जोर ज्यादा है। किसान आंदोलन और बेरोजगारी पर विपक्ष आलोचना करता है। महंगाई और नौकरियों की कमी भी मुद्दा रहा। समर्थक कहते हैं कि विकास हो रहा है। सड़कें और पुल बन रहे हैं। डिजिटल भुगतान बढ़ा। विपक्ष कहता है कि असमानता बढ़ी है। नौकरियां पर्याप्त नहीं बनीं। मोदी की राजनीति विचारधारा पर आधारित है। वे बाकी राजनेताओं से अलग हैं। नेता अच्छे या बुरे नहीं होते। उनके काम और नतीजे मायने रखते हैं। मोदी ने राजनीति का तरीका बदला है। आगे क्या होगा यह समय बताएगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात' कार्यक्रम चलाते हैं। इसमें वे रेडियो पर सीधे लोगों से बात करते हैं। बाकी कई राजनेता अखबारों और टीवी पर निर्भर करते हैं। मोदी सीधे पहुंचते हैं। वे अपनी बात को कहानियों और उदाहरणों से जोड़ते हैं। इससे लोग आसानी से याद रख लेते हैं।

देश ने अपना खोया गौरव हासिल किया



उपलब्धि

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

सात अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने जब गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तब शायद ही किसी ने सोचा था कि वे एक साल का भी कार्यकाल पूरा कर पाएंगे। राजनीतिक जानकारों और गुजरात के लोगों की इस सोच के पीछे वजहें भी थीं। मोदी का गुजरात का सरदार बनने से पहले के पांच वर्षों में राज्य को चार मुख्यमंत्रियों को देखना पड़ा था। मोदी राज्य के किसी ताकतवर जाति समुदाय से भी नहीं थे और सबसे बड़ी बात कि मुख्यमंत्री बनने से पहले उन्होंने कोई चुनाव भी नहीं लड़ा था। हां, पर्दे के पीछे की राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी के तौर पर वे स्थापित हो चुके थे।

इतना ही नहीं, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर राज्यों के बीजेपी प्रभारी के रूप में भी अपनी सियासी समझ का वे लोहा मनवा चुके थे। लेकिन मोदी ने सभी आशंकाओं को ना सिर्फ खारिज कर दिया है, बल्कि चौथाई सदी तक लगातार सत्ता का केंद्र बिंदु रहने वाले वाली शख्सियत बन चुके हैं। बेशक मोदी मार्ग की इन दिनों आलोचना हो रही है, लेकिन आने वाले दिनों में जब नरेंद्र मोदी का इतिहास लिखा जाएगा, निश्चित तौर पर मोदी मार्ग या मोदीत्व की अवधारणा को भी स्वीकार किया जाएगा। किसी शख्सियत के जरिए शुरू पंथ या वैचारिक धारा को उसके जीवन काल में सर्व मान्यता और सर्वस्वीकार्यता कम ही मिलती है। लेकिन जब वही शख्सियत इतिहास की धारा में विलीन हो जाती है, तो उसकी दिखाई राहों को पंथ का दर्जा मिल जाता है। गांधी बेशक अपनी जिंदगी में ही महात्मा के रूप में स्थापित हो चुके थे, लेकिन उनके कई प्रयोगों की उसी तरह आलोचनाएं हो रही थीं, जैसे आज मोदी के कई कदमों की कटु आलोचना उनके वैचारिक विरोधी करते हैं। वैसे भी भारतीय समाज पदधारियों का शुरू में स्वागत करता है, बाद में उसका विरोधी हो जाता है। लेकिन वही शख्सियत जब इतिहास में समाहित हो जाती है, समाज उसका कुछ अपवादों को छोड़ प्रशंसक हो जाता है। बीजेपी की ही राजनीति का उदाहरण लें सकते हैं। एक दौर में बीजेपी विरोधियों की नजर में अटल उदार थे और आडवाणी कट्टर। लिहाजा वे आलोचनाओं के केंद्र में थे। लेकिन जैसे ही अटल युग की समाप्ति हुई, आडवाणी उन्हीं विरोधियों की नजर में आदर के पात्र होते गए और मोदी के कटु आलोचकों की संख्या बढ़ती गई। कुछ इसी अंदाज में भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में आने वाले दिनों में कोई अन्य नेता उभरा तो हो सकता है कि मोदी बीजेपी विरोधियों की नजर में ही प्रशंसा का पात्र बन जाएं और बीजेपी का दूसरा नेता आडवाणी और मोदी की तरह आलोचनाओं के केंद्र में आ जाए। मोदी की सबसे बड़ी चुनौती खुद की स्वीकार्यता बढ़ाना रही, इसमें वे कामयाब रहे। इतना ही नहीं, वे सबसे ज्यादा समय तक सत्ता को खुद के इर्द-गिर्द केंद्रीकृत करने में भी सफल रहे हैं। आज भारत की केंद्रीय सत्ता ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी उन्हीं के इर्द-गिर्द केंद्रित है। यह मोदी का दुर्भाग्य रहा कि उनके सत्ता संभालने के महज छह महीने बाद ही राज्य को गोधरा कांड की वजह से भयानक सांप्रदायिक दंगों का सामना करना पड़ा। देश के वामपंथी सोच से प्रभावित स्वयंसेवी संगठनों ने उनके खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर मोर्चा खोल दिया। एक तरह से मोदी को राजनीतिक घृणा का पात्र बनाने की कोशिश की गई। गुजरात दंगों के साथ ही इशरत जहां मुठभेड़ कांड को लेकर उनके खिलाफ सीबीआई जांच हुई। लेकिन मोदी गजब जीवट के धनी हैं। मोदी रुके नहीं। गुजरात में जब चीजें पटरी पर आनी शुरू हुईं तो उन्होंने राज्य के विकास को लेकर अपना मॉडल पेश किया। जिसे कालांतर में देश ने उसे 'गुजरात मॉडल' के नाम से जाना। मोदी ने अपने लंबे शासन काल में ढेरों उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि उनके शासनकाल में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि में सुधार हुआ है। मोदी ने आर्थिक मोर्चे पर देश को बहुत गति दी है। मोदी कहते हैं कि उनकी नजर में सिर्फ चार जातियां हैं, महिला, युवा, गरीब और किसान। मोदी के लंबे शासन काल में इन चारों ही वर्गों का ध्यान ठीक से रखने की कोशिशें बढ़ी हैं। मोटे तौर पर कह सकते हैं कि मोदी राज में देश ने अपना खोया गौरव हासिल करने की दिशा में एक मजबूत कदम जरूर बढ़ाया है।



मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि मोदी के शासनकाल में देश की अंतरराष्ट्रीय छवि में सुधार हुआ है। उन्होंने आर्थिक मोर्चे पर देश को बहुत गति दी है। उनकी नजर में सिर्फ चार जातियां हैं- महिला, युवा, गरीब और किसान। मोदी के लंबे शासन काल में इन चारों ही वर्गों का ध्यान ठीक से रखने की कोशिशें बढ़ी हैं।



चाइना ओपन : मीरा की वर्ल्ड नंबर 3 रैंकिंग पक्की, फाइनल में पहुंचीं

सेमीफाइनल में बार्टुनकोवा को 6-2, 6-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

रूसी टेनिस स्टार मीरा एंड्रीवा ने शनिवार को चाइना ओपन के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की निकोला बार्टुनकोवा के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। इसी के साथ एंड्रीवा ने पहली बार चाइना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया।

एंड्रीवा ने निकोला बार्टुनकोवा के विरुद्ध 1 घंटे 14 मिनट में जीत हासिल करते हुए अपने चौथे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल और बीजिंग में अपने पहले फाइनल का रास्ता सुनिश्चित किया। इस जीत के बाद सोमवार को होने वाली रैंकिंग अपडेट में वर्ल्ड नंबर 5 एंड्रीवा दो पायदान की छलांग लगाने को तैयार हैं।

निकोला बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी : एंड्रीवा

जीत के बाद एंड्रीवा ने कहा, मैं फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि मैंने आज बहुत अच्छा खेला। मैं जिस तरह से खेल रही थी, उससे बहुत खुश हूं। बेशक, निकोला एक बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी हैं। यूएस ओपन में हमारा कड़ा मुकाबला हुआ था, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि आज मैं जीत गई।

एंड्रीवा की सीजन की 50वीं जीत

मीरा एंड्रीवा रविवार को फाइनल खेलने के लिए तैयार हैं। यह सीजन में उनका पांचवां फाइनल होगा। डब्ल्यूटीए टूर पर 2026 में सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने के मामले में वह अब एलेना रयबाकिना, आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला के बराबर पहुंच गई हैं। यह एंड्रीवा की इस सीजन की 50वीं जीत भी थी, जिससे वह 2026 में टूर पर सर्वाधिक मैच जीतने के मामले में पेगुला के बराबर पहुंच गई हैं।



मेदवेदेव की हार्ड कोर्ट पर 31वीं जीत
1 घंटे 52 मिनट में स्ट्रफ को दी मात

शंघाई। डेनियल मेदवेदेव ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शंघाई मास्टर्स के दूसरे राउंड के मुकाबले में जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 4-6, 6-4, 6-3 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। मेदवेदेव ने 1 घंटे 52 मिनट के मुकाबले में स्ट्रफ को हराया। मेदवेदेव की अब 2026 में हार्ड कोर्ट पर 31 जीत हो गई हैं, साथ ही इस सरफेस पर उनके दुबई, ब्रिस्बेन और हांग्जो टाइटल भी हैं। वह शंघाई में 2019 के चैंपियन हैं और राउंड ऑफ 32 में उनका मुकाबला टॉमस मार्टिन एचेवेरी या डालिबोर स्वर्सिना से होगा। मेदवेदेव अभी पीआईएफ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में आठवें स्थान पर हैं और पिछले साल कट से चूकने के बाद सातवीं बार साल के आखिर में होने वाले इस इवेंट के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

इंदौर में फिर बरसेगा रनों का तूफान !

बल्लेबाजों की आज होगी अग्निपरीक्षा | होलकर स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज में कांटे की टक्कर



एजेंसी ▶▶| इंदौर

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अभी तक बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला है तथा रविवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी यह बरकरार रहने की पूरी उम्मीद है, जिससे कि गेंदबाजों पर काफी दबाव रहेगा। इंदौर का होलकर स्टेडियम छोटी बाउंड्री और सपाट पिच के लिए जाना जाता है। इसलिए अगर यहां फिर से रनों का अंबार देखने को मिले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। निश्चित तौर पर मुकाबला दोनों टीम के बल्लेबाजों के बीच होगा लेकिन सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम ही जीत हासिल करेगी।

मजबूत क्षेत्ररक्षण वाली टीम का पलड़ा रहेगा भारी

विशेषकर क्षेत्ररक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम का पलड़ा भारी रहेगा। दोनों टीम ने अभी तक महत्वपूर्ण अवसरों पर कुछ कैच छोड़े हैं, जो महंगे साबित हुए हैं। पिछले मैच में मयंक यादव ने शेरफेन रदरफोर्ड का आसान कैच छोड़ दिया था, जो एक तरह से निर्णायक साबित हुआ। रदरफोर्ड ने इसका पूरा फायदा उठाकर कप्तान शाई होप के साथ मिलकर 54 गेंदों में 120 रन की साझेदारी की। भारत को होप की शानदार फॉर्म को लेकर भी सतर्क रहना होगा।

भारत के लिए गेंदबाजी चिंता का विषय

भारत के लिए गेंदबाजी अब भी चिंता का विषय बना हुआ है और वह इस मैच में इसका हल ढूंढने की कोशिश करेगा। इस मैच में ओस की भी अहम भूमिका रहने की उम्मीद है। मयंक ने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन बाकी गेंदबाज रनों पर अंकुश नहीं लगा पाए और वेस्टइंडीज ने शुरुआती झटकों के बावजूद जोरदार वापसी करके रिकार्ड लक्ष्य हासिल कर दिया।

टी-20 : पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया

रावलपिंडी। साहिबजादा फरहान ने कप्तान पद संभालने का जश्न शानदार तरीके से मनाते हुए 52 गेंदों पर 89 रन की पारी खेली, जिससे पाकिस्तान ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया। पाकिस्तान के सामने 183 रन का लक्ष्य था और उसने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बनाकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। फरहान ने 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से शानदार पारी खेली। उन्हें माज सदाकत का अच्छा सहयोग मिला, जिन्होंने महज 29 गेंदों में 50 रन बनाए। इससे पहले श्रीलंका ने सलामी बल्लेबाज लाहिरू उदारा के 91 रन की मदद से पाकिस्तान के नए तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने 8 विकेट पर 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया था।



रोनाल्डो की क्लब फुटबॉल में वापसी

रियाद। अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम पुर्तगाल से विवादास्पद तरीके से बाहर होने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्लब फुटबॉल में वापसी की और सऊदी प्रो लीग में अल नासर की दिरियाह पर 3-0 से जीत में पहला गोल किया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन अल नासर आठवें दौर के बाद अंकों के आधार पर शीर्ष पर काबिज अल-क़दसियाह की बराबरी पर आ गया है। अल नासर गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर है। रोनाल्डो अंतरराष्ट्रीय अवकाश के दौरान पुर्तगाल की टीम से बाहर हो गए थे, जिसके लिए उन्होंने 234 मैचों में 146 गोल किए हैं। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने जारी बयान में कहा कि नवनियुक्त कोच जॉर्ज जीसस ने नेशंस लीग में उन्हें खिलाने के अपने वादे का पालन नहीं किया।



9 साल का सूखा खत्म, रेनशॉ ने लगाया शानदार शतक



एजेंसी ▶▶| डरबन

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने जबरदस्त शतक जड़ा और 9 साल का सूखा खत्म किया। रेनशॉ के टेस्ट करियर का यह दूसरा शतक था। उन्होंने पहला शतक जनवरी 2017 में जड़ा था। इसके बाद उन्होंने 18 पारियों में शतक नहीं लगाया। रेनशॉ ने 204 गेंद पर एनरिक नॉर्खिया को चौका जड़कर शतक पूरा किया। रेनशॉ का शतक 2014 के बाद दक्षिण अफ्रीकी सरजमीं और 2009 के बाद किंग्समीड में ऑस्ट्रेलिया का पहला शतक है। बाएं हाथ के बल्लेबाज की शतकीय पारी से ऑस्ट्रेलिया 250 के करीब पहुंचा। 124 रन पर उसका 6 विकेट गिर गया था। रेनशॉ को कप्तान पैट कमिंस से अच्छा साथ मिला। दोनों के बीच 191 गेंद पर 86 रनों की साझेदारी हुई।

ऑस्ट्रेलिया सम्मानजनक स्थिति में

डरबन टेस्ट के दूसरे दिन पहले सत्र का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 96 ओवर में 8 विकेट पर 277 रन बना लिए। मैट रेनशॉ 218 गेंद पर 10 चौके की मदद से 102 रन बनाए। नाथन लियोन 7 रन बनाकर क्रीज पर है। दोनों के बीच 87 गेंद पर 47 रनों की साझेदारी हो गई है।

वियान मुल्डर ने 4 विकेट लिए

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बात करें तो पैट कमिंस ने 43, मार्नस लाबुशेन ने 37, स्टीव स्मिथ ने 25, एलेक्स कैरी ने 14, ट्रेविस हेड ने 9, मिचेल स्टार्क 6 और ब्यू वेबस्टर ने 4 और निक मैडिन्सन बगैर खाता खोले आउट हुए। साउथ अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने 4 विकेट लिए, मार्को यानसेन और एनरिक नॉर्खिया ने 2-2 विकेट लिए।





खबर संक्षेप

रियासी में 4 संदिग्ध दिखे, तलाश जारी

रियासी। रियासी जिले के रड्डु पुल क्षेत्र में तीन से चार संदिग्धों को



देखे जाने की सूचना के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। शुक्रवार रात शुरू हुआ अभियान शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान रड्डु पुल के साथ लगते धरान और ठाकरा कोट क्षेत्र के जंगलों को भी खंगाला गया, लेकिन कोई संदिग्ध हाथ नहीं लगा।

सुपरमार्केट में छत गिरने से 38 लोग घायल

दाएगू। दक्षिण कोरिया के दाएगू शहर के एक सुपरमार्केट की



प्लास्टर वाली छत का कुछ हिस्सा गिर गया। हादसे में कम से कम 38 लोगों को मामूली चोटें आईं। छत गिरने की घटना सुबह 10:16 बजे हुई। इसके बाद 66 अन्य लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद नौ लोगों का अस्पतालों में इलाज किया गया।

गुजरात पुलिस में पूर्व अग्निवीरों की सीधी एंट्री

अहमदाबाद। राज्य सरकार ने गुजरात में पुलिस विभाग में भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों को बड़ी राहत



दी है। गृह विभाग द्वारा जारी संशोधित नियमों के अनुसार अब पुलिस विभाग के निर्दिष्ट वर्दीधारी पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया में पूर्व अग्निवीरों को लिखित परीक्षा से भी छूट मिलेगी। इस तरह सरकार ने अब फिजिकल और लिखित परीक्षाओं में छूट दी है।

मन्नार की खाड़ी में बना डिप्रेशन, 21 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली। मानसून की विदाई के बाद भी देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बिगड़ सकता है। रविवार को



दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश तक बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। विभाग ने कुछ इलाकों में आंधी का भी अनुमान जताया है।

पीएम ने महिला और बाल विकास पर राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की

महिलाओं और बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और सशक्तीकरण पर दिया जोर, 'चिंतन शिविर' लगाकर समग्र विकास पर ध्यान दें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में महिला और बाल विकास पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में महिला और बाल विकास पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। विभागीय शिखर सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा रहे इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। इसमें पोषण और बचपन की देखभाल, बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण तथा बेहतर तालमेल के माध्यम से सेवाओं की पहुंच को मज़बूत करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने गहन चर्चा की सराहना की और केंद्र तथा राज्यों के बीच मिलकर फ़ैसले लेने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि राज्य ज़िला स्तर और नगर पालिका व महानगर पालिका स्तर पर इसी तरह के 'चिंतन शिविर' आयोजित करके इस मॉडल को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी विशेष 'चिंतन शिविर' आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि वे अनुभव, विचार और व्यावहारिक समाधान एक-दूसरे के साथ साझा कर सकें।

खास बातें

- विवि आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद ले सकते हैं और अध्ययन कर सकते हैं
- महिला सुरक्षा पर विभागों को ऐहतियाती उपायों पर बल दिया

आंगनवाड़ियों को सामुदायिक भागीदारी का केंद्र बनाने का आह्वान



बच्चों को हर हाल में प्रोत्साहित करें

प्रधानमंत्री ने 'जन भागीदारी' पर ज़ोर देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र को अलग-थलग संस्थान के रूप में काम नहीं करना चाहिए, इसे सामुदायिक भागीदारी का केंद्र बनना चाहिए। परिवारों को भी विशेष अवसरों पर बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, खिलौने और स्थानीय स्तर पर उपयोगी चीज़ें देकर प्रोत्साहित करें।

विवि आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ जुड़ें

प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ और अधिक जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आस-पास के आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद ले सकते हैं और सामाजिक प्रभाव से जुड़े अध्ययन कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि इससे छात्रों को योगदान देने का मौका मिलेगा और सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी जानकारी भी मिलेगी।

युवा ही 'विकसित भारत' का निर्माण करेंगे

प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के बारे में बच्चों के लिए उम्र के हिसाब से उपयुक्त मॉड्यूल तैयार करने का सुझाव दिया। मोदी ने अलग-अलग विभागों के प्रयासों को मिलाकर रोकथाम के उपायों पर भी ज़ोर दिया।प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि मंत्रालय और राज्यों से जुड़ी ज़िम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आज आंगनवाड़ी केंद्रों में पल-बढ़ रहे बच्चे ही आगे चलकर युवा और नागरिक बनेंगे जो 'विकसित भारत' का निर्माण करेंगे।

'स्वच्छता अभियान' को सक्रिय बनाएं

प्रधानमंत्री ने साफ़-सफ़ाई, स्वास्थ्य और पोषण के बीच गहरे संबंध का उल्लेख करते हुए देश भर के महिला एवं बाल विकास विभागों से 'स्वच्छता अभियान' की सक्रिय रूप से ज़िम्मेदारी लेने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अच्छा स्वास्थ्य और पोषण साफ़-सफ़ाई से ही शुरू होता है और आंगनवाड़ी केंद्र तथा आस-पास स्वच्छता जरूरी है।

'वोकल फ़ॉर लोकल' को बढ़ावा दें

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए 'वोकल फ़ॉर लोकल' यानी स्थानीय के लिए मुखर और 'एक ज़िला एक उत्पाद' जैसे राष्ट्रीय आंदोलनों को बढ़ावा दें। महिलाओं के समूह और सामुदायिक संस्थाएं स्थानीय उत्पादों, आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भागीदार बन सकती हैं।

मेट्रो कॉरिडोर, हाईवे में सुधार और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की 13 हजार करोड़ की परियोजना की देंगे सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को चेन्नई के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजना लॉन्च करेंगे। इसमें नया मेट्रो कॉरिडोर, हाईवे में सुधार और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अहम काम शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को बताया कि पीएम मोदी पूरी हो चुकी सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे, परियोजनाओं को देश को समर्पित करेंगे और नए कामों की आधारशिला रखेंगे। इसमें मेट्रो रेल, हाईवे, रेलवे, पोर्ट, पेट्रोलियम और शिक्षा से जुड़े काम शामिल हैं।

पीएम मोदी का तमिलनाडु दौरा आज



कोल बर्थ-ती का उद्घाटन करेंगे और ड्रेजिंग का काम शुरू करेंगे

कामराजार पोर्ट पर, पीएम मोदी कोल बर्थ-ती का उद्घाटन करेंगे और ड्रेजिंग का काम शुरू करेंगे। वह मनाली रिफाइनरी में सीपीसीएल के 1,620 करोड़ रुपए के लुब्रिकेंट बेस स्टॉक परियोजना की आधारशिला रखेंगे, जिसकी सालाना क्षमता 270,000 टन होगी।

पोरुर बाइपास से पूनामल्ली बाइपास तक और वापस मेट्रो की सवारी करेंगे

प्रमुख परियोजना में चेन्नई मेट्रो के फेज दो का 4,900 करोड़ का पूनामल्ली-वडापलानी रूट शामिल है। 3.7 किमी लंबे डबल-डेकर स्ट्रक्चर और ड्राइवरलेस ऑपरेशन के लिए डिजाइन किए गए सिग्नलिंग सिस्टम वाले इस कॉरिडोर से पश्चिमी उपनगरों और शहर के केंद्र के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। पीएम मोदी सुबह 11.30 बजे पोरुर बाइपास से पूनामल्ली बाइपास तक और वापस मेट्रो की सवारी करेंगे। वे जलकंडेश्वर मंदिर जाएंगे और आईआईटी मद्रास में ब्रेन सेंटर का दौरा करेंगे।

'तरंग शक्ति' में सारंग टीम ने दिखाए करतब



प्रतिभागियों से मिलते (इनसेट में) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भविष्य के रक्षा संबंधों का आधार आपसी भरोसा

जयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को वायुसेना केंद्र में 'अभ्यास तरंग शक्ति 2026' के दूसरे संस्करण के प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देश, अलग-अलग विमान, अलग-अलग अनुभव, लेकिन एक ही आसमान। यही 'तरंग शक्ति' का संदेश है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा 26 सितंबर से 12 अक्टूबर 2026 के दौरान आयोजित इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में सात मित्र देशों (एफएफसी) - ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, जर्मनी, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ-साथ 32 प्रेक्षक देश भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य के रक्षा संबंधों का आधार आपसी भरोसा ही होगा।

फ्लोरिडा के तट से टकराया इसायस तूफान

9 लाख घरों की बिजली गुल दुकानें बंद, घरों में घुसा पानी

एजेंसी ⏭ फ्लोरिडा

अमेरिका के मेक्सिको की खाड़ी से लगे तटीय इलाकों में शुक्रवार को इसायस तूफान टकराया। फ्लोरिडा और अलबामा में 170 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। भारी बारिश के बाद से कई घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचा है।

पेड़ उखड़कर गिर गए और करीब 9 लाख घरों की बिजली गुल हो गई है। इन इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। तूफान के कारण कई घरों में पानी घुस गया। लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह



दी गई है। फ्लोरिडा के पैनहैंडल इलाके में कई दुकानें बंद, सड़क पर लगे साइन बोर्ड टूटकर गिरे। मौसम विभाग ने फ्लोरिडा और अलबामा की सीमा के पास समुद्र में करीब 2.1 मीटर तक ऊंची लहरें उठने की चेतावनी दी। इसायस 2026 में अटलांटिक महासागर में आया पहला तूफान है।

हेमकुंड साहिब के कपाट बंद

3.84 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका, शब्द कीर्तन हुआ

एजेंसी ⏭ चमोली

सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को साल की अंतिम अरदास के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस वर्ष धाम में रिकॉर्ड 3,84,573 से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

कपाट बंद होने के ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए करीब चार हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। पाकिस्तान से आए 40 सदस्यीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बर्फबारी के बाद सफेद चादर



में लिपटे धाम तक श्रद्धालु बर्फीले रास्तों से पहुंचे और अंतिम अरदास में शामिल हुए। सुबह दस बजे सुखमनी साहिब के पाठ के साथ कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद शब्द कीर्तन हुआ। दोपहर 12:30 बजे अंतिम अरदास और एक बजे हुक्मनामा लिया गया।

नीट फर्जीवाड़े में बड़ी कार्रवाई

बायोमीट्रिक टेंडर लेने वाले को ईओयू ने बिहार से धर-दबोचा



एजेंसी ⏭ पटना

नीट पुनर्परीक्षा 2026 में मूल परीक्षार्थियों की जगह फर्जी अभ्यर्थियों को बैठाने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे 9 अक्टूबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रमोद पर लखीसराय में नीट परीक्षा के बायोमीट्रिक सत्यापन का टेंडर लेने और कथित तौर पर फर्जी परीक्षार्थियों को प्रवेश दिलाने में मिलीभगत का आरोप है।

सत्यापन की प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका

इस मामले में परीक्षा केंद्र पर पहचान सत्यापन की प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका है। जांच एजेंसी अब यह पता लगा रही है कि मामले में किन लोगों की क्या भूमिका थी और फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराने की व्यवस्था कैसे की गई? 21 जून को लखीसराय के केंद्रीय विद्यालय, खगौर परीक्षा केंद्र पर पुनर्परीक्षा के में मूल अभ्यर्थियों की जगह स्कॉलर के शामिल होने की कोशिश का मामला आया था।

यूएन में भारत की पाक को दो टूक

परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेंगे, आतंकियों को मारेंगे

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा की निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी प्रथम समिति की बैठक में भारत ने पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद जवाब दिया।



अनमोल सिंह बेदी

जिनेवा में निरस्त्रीकरण मामलों के वरिष्ठ सलाहकार अनमोल शेर सिंह बेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में रहा है। उसकी सैन्य क्षमताएं रक्षात्मक हैं और देश की सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से तय की गई हैं। ये किसी दूसरे देश के खिलाफ नहीं हैं।

पाक निर्दोष नागरिकों की हत्याएं कर रहा

यूएन की चौथी समिति में उपनिवेशवाद से जुड़े मुद्दे पर पाकिस्तान के प्रतिनिधि के बयान के जवाब में महिमा कुमारी ने कहा कि पाक यूएन के मंच का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर को लेकर झूठ और गलत जानकारी फैलाने के लिए कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और उनके सहयोगियों ने अपने बुनियादी अधिकारों, आजादी और जरूरी सुविधाओं की मांग कर रहे दर्जनों निर्दोष नागरिकों की हत्या की है।



फ्लाईदुबई घटना में जांच के बाद यूएई के अटॉर्नी-जनरल का दावा

9/11 हमले से प्रेरित था को-पायलट निशाने पर था 'तेल अवीव' एयरपोर्ट

प्राइवेट कोच से बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली थी

एजेंसी ⏭ अबू धाबी

यूएई के अटॉर्नी-जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 से जुड़ी घटना की जांच से पता चला है कि



डॉ. हमद सैफ अल शम्सी

विमान के ओमानी को-पायलट ने कथित तौर पर विमान पर कब्जा करने और उसे तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट के पैसेंजर टर्मिनल से टकराकर ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान लेने के मकसद से एक आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। यह जानकारी यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी डब्लूएएम के अनुसार है।

2017 में पढ़ाई के दौरान कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा

हिंसा और आतंकवाद के विचारों को अपनाया

यूएई के अटॉर्नी-जनरल ने कहा कि 29 वर्षीय संदिग्ध ने 30 सितंबर, 2026 को दुबई से तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट के दौरान इस कथित साजिश को अंजाम देना शुरू किया था। जांच में संदिग्ध की विचारधारा और पेशेवर बैकग्राउंड का पता लगाया गया और पाया गया कि उसके कथित तौर पर कट्टरपंथी बनने के संकेत सबसे पहले 2017 में मिले थे, जब वह ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहा था। उस दौरान, वह चरमपंथी साहित्य और आतंकवादी संगठनों व आत्मघाती हमलों का महिमामंडन करने वाले ऑनलाइन कंटेंट से प्रभावित हुआ था।

संदिग्ध ने जुर्म कबूल किया

अटॉर्नी-जनरल ने कहा कि संदिग्ध ने अपने वकील की मौजूदगी में और कानूनी तौर पर जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ अपना जुर्म विस्तार से कबूल किया है। उसने अपने मकसद और योजना बनाने व उसे अंजाम देने के चरणों के बारे में बताया और माना कि उसने यह सब अकेले ही किया था। हालांकि, जांचकर्ता उसके दावे की पुष्टि कर रहे हैं और इसमें किसी साथी या अन्य लोगों की मिलीभगत की संभावना की भी जांच कर रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28